WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2017/72749 भोपाल, बुधवार 3 जुलाई 2024 वर्ष-8 अंक-66 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए भोपाल, जबलपुर, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

1 जुलाई से नया कानून लागू हो गया। अंग्रेजों के बनाए कानूनों से छुटकारा मिल गया। स्वदेशीकरण स्वागत-ए कदम है अब न्याय की समय सीमा तय कर दी गई है। इससे यह उम्मीद बंधी है कि देर से मिलने वाला न्याय कभी कभी अन्याय बन जाता है यह विरोधाभास खत्म हो जाएगा और लोगो को त्वरित न्याय मिल पाएगा। सब कुछ ठीक है लेकिन एक टीस अभी भी अपनी जगह कायम है कि काश इन नए कानूनों के मुताबिक भ्रष्टाचारियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्यवाही के साथ ही कठोर दंड का भी प्रावधान हो पाता।

भोले बाबा के सत्संग में भगदड़, 100 से अधिक मौतें

हाथरस । उत्तरप्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई, वहीं 150 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा हाथरस जिले से 47 किमी दूर फुलरई गांव में हुआ है। लोकसभा में संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने हादसे पर शोक जताया।

सत्संग में शामिल लोगों के अनुसार बताया गया सत्संग खत्म हो गया था।

जहां एक साथ लोग निकल रहे थे। हॉल छोटा था। गेट भी पतला था। इस दौरान पहले निकलने के चक्कर में भगदड़ मच गई। लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। इस वजह से 150 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। प्रदेश में हुई इस बड़ी घटना को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लिया है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। शेष पृष्ठ 6 पर

तीन किलोमीटर तक फैली थी वाहनों की संख्या

जानकारी सामने आई है कि महीने की शुरुआत के पहले मंगलवार को सत्संग होता है। इस सत्संग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई राज्यों के लोग आए थे। भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वाहनों की संख्या तीन किलोमीटर तक फैली हुई थी।

कोर्ट के आदेश को चुनौती

नई दिल्ली । दिल्ली हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेजने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। न्यायाधीश नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी. सीएम केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी दलील पेश की।

पारस फीके पड़ गए

पटना। बड़े भाई रामविलास पासवान के दिवंगत होने के बाद पशुपति कुमार पारस ने एक तरह से भतीजे चिराग पासवान के कॅरियर पर विराम लगा दिया था। लेकिन, अब चिराग की चमक के आगे पारस फीके पड़ गए। राष्ट्रीय राजनीति से हवा हो गए।

सब कुछ ठीक नहीं चल रहा

मुंबई । महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, ठीक उसी तरह वहां की सियासत का पारा भी गर्माता जा रहा है। महाराष्ट्र के सियासी जानकारों की मानें, तो लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद एनडीए के कुनबे में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है।

राज्य में कैसा रहेगा मौसम

नई दिल्ली । तय समय से करीब छह दिन पहले ही पूरे देश को मानसून ने ढंक लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके चलते आठ जुलाई की तय तारीख से पहले ही मानसून ने दो जुलाई को पूरे देश को ढंक लिया है। वहीं, केरल और पूर्वोत्तर में मानसून सामान्य से दो और छह दिन पहले 30 मई को पहुंच गया था।

अधिकारों का हो स्थायी समाधान

तिरूअनंतपुरम। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के स्टालिन ने देश के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को पत्र लिखकर राज्य के मछुआरों के पारंपरिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी समाधान खोजने के लिए आवश्यक ठोस कदम उठाने का अनुरोध किया है।

सड़कों पर उतरे आरजेडी कार्यकर्ता

पटना। नीट परीक्षा पेपर लीक मामला में परीक्षा को रद्द करने की मांग और बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार और अपराध एवं कॉलेज में अनियमितता सहित 7 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के छात्र इकाई के कार्यकर्ता मंगलवार (02 जुलाई) को पटना की सड़कों पर उतरे। काफी संख्या में कार्यकर्ता आरजेडी कार्यालय से निकालकर राजभवन मार्च के लिए रवाना हुए, लेकिन आयकर गोलंबर के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद काफी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया और राज भवन जाने देने का आग्रह करते रहे।

टीएमसी की मांग जायज

नई दिल्ली । स्पीकर के चुनाव के बाद सबकी निगाहें डिप्टी स्पीकर के पद पर है। इन सबके बीच खबरें आई कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी सपा के अवधेश प्रसाद का नाम इस पद के लिए आगे किया है। सोमवार को टीएमसी के प्रस्ताव का आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर बनाना चाहिए और टीएमसी की मांग जायज है।

कांग्रेस परजीवी हो चुकी : पीएम मोदी

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रधानमंत्री का उद्बोधन

पीएम मोदी का राहुल पर वार, चुनाव में लगातार झूठ चलाने के बाद उनकी घोर पराजय हुई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति के भाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सदन में उपस्थित हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा जो पहली बार सांसद बनकर हमारे बीच आए हैं और उनमें से कुछ साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उनका व्यवहार ऐसा थी, जैसे एक अनुभवी सांसद का होता है। उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा कि देश ने सफल चुनाव आयोजित कर दुनिया को दिखा दिया है कि ये शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने की एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों का पालन करने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है।

गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया : एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर-कांग्रेसी नेता, वह भी एक चायवाला, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। नेहरू-गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे तथा शेष पृष्ठ 6 पर

देश की जनता ने हमारी नीयत को देखा: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा 'इस चुनाव ने इस बात को सिद्ध किया है कि भारत की जनता कितनी परिपक्व है। उसी का नतीजा है कि आज तीसरी बार हम आपके सामने विनम्रतापूर्वक सेवा करने के लिए खड़ा हूं। आपने हमारी नीतियों को देखा है। हमारी नीयत को देखा है, देश की जनता ने उस पर भरोसा किया है। पीएम मोदी ने कहा देश जब विकसित होता है, तो करोड़ों लोगों के संकल्प सिद्ध होता है। जब देश विकसित होता है, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव, उनके सपनों को पूरा करने के लिए तैयार हो जाती है। आजादी के बाद मेरे देश का सामान्य नागरिक इन चीजों के लिए तरस रहा है। जब विकसित भारत होता है, तो गांव और शहरों की स्थिति में भी बहुत बड़ा सुधार होता है। दुनिया की विकास यात्रा में भारत के गांव भी सहयोग देंगे।

मेरे विचारों को हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ: राहुल गांधी

लोकसभा में दिए भाषण के हटाए गए शब्द, तो भड़के राहुल, स्पीकर को लिखी चिट्ठी

नई दिल्ली । विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने भाषण के कुछ हिस्सों को कार्यवाही से हटाने के खिलाफ स्पीकर ओम बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि मेरे विचारों को कार्यवाही से हटाना संसदीय लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। ऐसे में मेरे भाषण के हटा दिए गए हिस्सों को फिर से बहाल किया जाना चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण में भी आरोपों की भरमार थी, लेकिन उनकी स्पीच से केवल एक शब्द हटाया गया. इसको लेकर किया गया भेदभाव समझ के परे है। शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी ने क्या कहा?

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने सदन में सच्चाई रखी। हर सांसद का अधिकार है कि वो संसद में लोगों से जुड़े मुद्दे उठाए. इसको ध्यान में रखते हुए ही मैंने अपना भाषण दिया था. उन्होंने आज सुबह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की दुनिया में सच्चाई को मिटाया जा सकता है, हकीकत में नहीं. वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी के लेटर लिखने पर पलटवार किया है।

नेता प्रतिपक्ष बोले-सारंग नर्सिंग घोटाले के जिम्मेदार, इस्तीफा दें

सारंग का जवाब-परमिशन की फाइल मंत्री तक नहीं आती, निर्णय मेडिकल काउंसिल लेती है

भोपाल/नवप्रदेश। विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब एक शेर के जरिए दिया। उन्होंने कहा- मालूम था कि दरबान है सूरज, फिर भी लोग मेरे घर को जलाने आए। नर्सिंग घोटाले के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा में सारंग बोले- शुरुआत में मुझे लगा कि आरोप राजनीतिक हैं लेकिन अब ये व्यक्तिगत हो गए हैं। कॉलेजों को परमिशन देने की जिम्मेदारी तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल की तत्कालीन रजिस्ट्रार सुनीता शिजू को दी थी। उन्होंने ही कॉलेज खोलने के लिए परमिशन दी है।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पहले 453, बाद में 445 नर्सिंग कॉलेजों को बिना इंस्पेक्शन मान्यता दी गई। परमिशन संबंधी जो नियम 2018 में भाजपा सरकार ने बनाए थे, वे कांग्रेस गवर्नमेंट में लागू नहीं किए गए। नियम शिथिल करने का काम कांग्रेस सरकार ने किया। इन्होंने ही अकादमिक भवन की अनिवार्यता को नकारा। उनके समय ऑफलाइन आवेदन किया जाता था। बीजेपी की सरकार ने इसे

ऑनलाइन किया। स्क्रूटनी कमेटी में मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर को शामिल किया गया ताकि गड़बड़ी रोकी जा सके। भाजपा सरकार में छात्रों ने गड़बड़ियों को लेकर ज्ञापन दिया। इस पर मैंने तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री होने के नाते जो पत्र लिखे, उनमें पुनर्विचार करने और एडवाइजरी की बात कही गई थी। कोई भी अनुमति आदेश मेरे द्वारा नहीं दिया गया था। ऐसी कोई भी फाइल मंत्री तक नहीं आती है। सारे निर्णय मेडिकल काउंसिल लेती है।

कांग्रेस ने की सर्वदलीय कमेटी बनाने की मांग

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि नर्सिंग कॉलेजों में घोटाले के लिए तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग और विभागीय अधिकारी जिम्मेदार हैं। मंत्री सारंग का इस्तीफा होना चाहिए। मामले की जांच के लिए सर्वदलीय कमेटी बनाई जाए। **शेष पृष्ठ 5 पर**

फिलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने तैयार है सिंगापुर

विदेश मंत्री बालकृष्णन ने की घोषणा

सिंगापुर। इस्राइल और फिलस्तीन के बीच जंग लगातार जारी है। इस बीच कुछ देश ऐसे हैं, जिन्होंने फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने पर जोर दिया है। इन देशों में सिंगापुर भी शामिल है। सिंगापुर एक सुनिश्चित समय में फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने के लिए तैयार है।

सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन ने संसद में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर, दो राज्य समाधान

की अवधारणा की वकालत करता है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति की शांति स्थापित करने वाली विचारधारा का समर्थन करता है। विवियन बालाकृष्णन ने कहा, 'एक ऐसी प्रभावी फलस्तीनी सरकार होनी चाहिए जो आतंक के अंत के लिए इस्राइल के कानूनों को स्वीकार करे।

दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने पर जोर

विवियन बालाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि इस्राइल और फलस्तीन, दोनों पक्षों में शांति स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लोग बहुत लंबे समय से युद्ध को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस्राइल और फलस्तीन के बीच शांति स्थापित करने के लिए साथ में काम करने की आवश्यकता है। इससे दोनों देशों के लोगों का भविष्य सुधरेगा। दोनों देशों का मित्र होने के नाते सिंगापुर शांति स्थापित करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों का साथ देता रहेगा।

महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे निलंबित

मुंबई । महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे को मानसून सत्र के दौरान बीजेपी एमएलसी प्रसाद लाड के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के कारण पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर भी हंगामा हुआ। अंबादास दानवे के बयान के बाद, बीजेपी विधायक प्रसाद लाड ने विधान भवन की सीढ़ियों पर धरना दिया और मांग की कि दानवे माफी मांगें और विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दें। चंद्रकांत पाटिल ने भी दानवे को निलंबित करने की मांग की, यह कहते हुए कि दानवे ने प्रसाद लाड के प्रति गलत भाषा का उपयोग किया था और उनके अभद्र व्यवहार के लिए उन्हें पांच दिनों के लिए निलंबित किया जाना चाहिए।

नीट यूजी री-टेस्ट में एक भी टॉपर नहीं ला पाए 720 अंक

नई दिल्ली । नीट यूजी परीक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसका असर दूसरी नेशनल लेवल की परीक्षाओं पर भी पड़ रहा है। सीयूईटी यूजी परीक्षा का रिजल्ट भी अपनी तय तारीख पर जारी नहीं हुआ है. इस बीच जिन कैंडिडेट्स ने नीट यूजी री-टेस्ट दिया था, उनमें से पहले के रिजल्ट में टॉपर बने कैंडिडेट

री-टेस्ट में पूरे अंक नहीं ला सके। हालांकि सभी कैंडिडेट्स ने फिर से परीक्षा देने का फैसला नहीं किया था पर शेष पृष्ठ 6 पर

टॉपर्स की संख्या हुई कम

इस प्रकार नीट यूजी के पहले जारी नतीजों में जहां कुल 67 कैंडिडेट्स ने टॉप किया था, वहीं इस बार के जारी नतीजों के बाद टॉपर्स की संख्या 61 रह गई है। हालांकि पिछली सालों की तुलना में अभी भी ये संख्या काफी ज्यादा है, जिन कैंडिडेट्स को शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

बैठक... मुख्यमंत्री ने चंबल एवं ग्वालियर संभाग के विधायकों की ली बैठक

विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चार साल का रोडमैप बनाएँ : सीएम

शासन देगा प्रति वर्ष 15 करोड़, चार वर्ष में मिलेगी कुल 60 करोड़ की राशि

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कार्य के लिए 4 साल का समय शेष है। सभी विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के बीच पहुँच कर विकास कार्य व्यवस्थित तरीके से करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप सभी कार्यों का क्रियान्वयन हो। चार साल का रोड मेप बनाएँ, राज्य शासन द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विकास लिए चार साल में 60 करोड़ की राशि दी जाएगी। हर साल 15 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। राशि खर्च करने के लिए वर्ष 2028 तक का योजना का रोडमैप तैयार कर ली जाए। नगरीय निकाय और जनपद पंचायतों

के अंतर्गत जनता से सीधे जुड़ी योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित करें। जनता से जुड़े सभी अभियानों में बेहतर योगदान दें। सबका विकास होगा तो प्रदेश का विकास होगा। जनता की समस्याओं के निकराकरण के लिए लगातार शिविर लगाए जाएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में चंबल एवं ग्वालियर संभाग के विधायकों की संभागवार बैठक ले रहे थे। बैठक में संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायक मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जल गंगा अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों की भी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार गौ-शालाओं के संचालन के लिए प्रति गाय 40 रुपए की राशि प्रतिदिन के मान से उपलब्ध कराएगी। गौ-शालाएं अच्छी तरह चलें। स्वस्थ्य पशु अपने घरों में रखें, लावारिस और अपाहिज गौ-वंश को गौशालाओं में जरूर रखा जाए। गौ-शाला संचालन का जनता के बीच अच्छा संदेश जाए। अपनी विधान सभा के लिए लीडर के रूप में अपनी छबि बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस के कानूनों में एक जुलाई 2024 से जो बदलाव हुए हैं उनकी जानकारी आमजन को कार्यक्रमों के माध्यम से दी जाए। बदली गई धाराओं से नागरिकों को अवगत कराया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर संभाग की सभी ग्रामों की पेयजल योजनाएं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं। कोई भी ग्राम छूटा नहीं है। समूह जल प्रदाय योजनाओं से कई गांव लाभान्वित हो रहे हैं। पेयजल योजना ठीक से संचालित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में बंद पड़ी नल- जल योजनाओं को चालू किया जाए। कोई भी योजना बंद न रहे। गांव में पीने के पानी की समस्या न हो। भू-जल **शेष पृष्ठ 5 पर**

केदारनाथ घाटी के ऊपर पनप रहा है नया खतरा



केदारनाथ धाम के ऊपर मौजूद सुमेरू पर्वत से 30 जून 2024 को हिमस्खलन हुआ. पिछले साल भी हुआ था. उसके पिछले साल भी. हर साल ही होता है. लेकिन क्यों? कहीं ऐसा न हो कि इस बार आपदा पानी के बजाय पहाड़ से गिरने वाले बर्फ के रूप में न हो. सिर्फ केदारनाथ घाटी नहीं बल्कि ऐसे कई इलाके हैं, जो खतरनाक हैं। उत्तराखंड सरकार ऊंचाई पर मौजूद 13 ग्लेशियल लेक्स की स्टडी करवा रही है. ताकि उनसे होने वाले खतरों की तैयारी की जा सके. इन लेक्स के टूटने या फटने पर निचले इलाकों में 2013 जैसी आपदा आ सकती है. उत्तराखंड में ऐसी कई ग्लेशियल लेक्स हैं, जो संवेदनशील हैं. कभी भी टूट सकती है. या फट सकती है। इनकी वजह से ग्लेशियल लेक्स आउटबर्स्ट फ्लड आने का खतरा बना हुआ है. उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट जिन 13 ग्लेशियल लेक्स की स्टडी करने वाला है, उनमें से पांच हाई रिस्क जोन में है. इनमें से पिथौरागढ़ जिले के डर्मा, लसारींगघाटी, कुटियांगटी घाटी और चमोली जिले के धौली गंगा बेसिन में मौजूद वसुंधरा ताल हाई रिस्क में है. ये सभी झीलें 0.02 से 0.50 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के हैं।

क्या हिमालय पर बड़ी चिंताजनक स्थिति है?

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है कि जुलाई महीने में पश्चिमी हिमालय में भारी बारिश और बाढ़ की आशंका है। जुलाई में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है। पश्चिमी हिमालयी राज्यों और उनकी नदियों के बेसिन में जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है. क्योंकि देश की कई प्रमुख नदियां यहीं से निकलती हैं। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहापात्रा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और पश्चिमी हिमालय के निचले इलाकों में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है. यहां पर बादल फट सकते हैं. तेज बारिश हो सकती है। भूस्खलन और फ्लैश फ्लड जैसी जानलेवा घटनाएं हो सकती हैं।

केदारनाथ घाटी का जिक्र क्यों... क्या यहीं सबसे ज्यादा खतरा है

केदारनाथ कस्बा मंदाकिनी नदी घाटी में बसा है. जिसका कुल कैचमेंट एरिया करीब 67 वर्ग किलोमीटर है. कस्बा चोराबारी और कंपेनियन ग्लेशियर के बाहरी बहाव वाले हिस्से में बसा है. मंदाकिनी नदी चोराबारी ग्लेशियस से निकलती है. जबकि सरस्वती नदी कंपेनियन ग्लेशियर से निकलती है. फिर दोनों केदारनाथ मंदिर के पास मिल जाते हैं. चोराबारी झील 3855 मीटर यानी 12,975 फीट की ऊंचाई पर है. इसे ही गांधी सरोवर कहते हैं। यह झील केदाराथ मंदिर से दो किलोमीटर ऊपर मौजूद है. 16-17 जून 2013 को आई तबाही का असर हरिद्वार तक दिखा था. केदारनाथ से सोनप्रयाग तक 18 किलोमीटर की लंबाई में गौरीकुंड, रामबाड़ा और केदारनाथ कस्बा बर्बाद हो गए थे. असल में उस दिन हुआ क्या था... क्यों ऐसा खतरा अब भी मंडरा रहा है?

16-17 जून 2013 को चमोली, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों भयानक बारिश. फ्लैश फ्लड और भूस्खलन हुए. अलकनंदा, भागीरथी और मंदाकिनी नदियां रौद्र रूप धारण कर चुकी थीं. इन जिलों के कुछ इलाके पूरी तरह से बर्बाद हो गए थे. कुछ तो नक्शे से ही गायब. ये थे- गोविंदघाट, भींडर, श्री केदारनाथ, रामबाड़ा और उत्तरकाशी धराली. इन जगहों पर 10 हजार से ज्यादा लोगों की जान जाने का अनुमान था। केदारनाथ में भारी तबाही की वजह थी चोराबारी ग्लेशियर पर बनी प्राकृतिक झील की बर्फीली दीवार टूटना. यहां से 1429 mx/s की गति से पानी रिलीज हुआ था. सिर्फ पांच मिनट का फ्लैश फ्लड था. लेकिन असर 250 km तक देखा गया. गौरीकुंड में बर्बादी तो हुई लेकिन रामबाड़ा कस्बा पूरी तरह से साफ हो गया। वैज्ञानिकों ने केदारनाथ हादसे की वजह जानने के लिए सितंबर 2013, मार्च-मई 2014 और जनवरी 2015 में चार बार सर्वे किया. चोराबारी झील के फटने की वजह से सबसे ज्यादा पानी और मलबे का बहाव मंदाकिनी घाटी में था. जो कि समुद्र तल से 3800 मीटर ऊपर है।

सदन में भिड़े उपराष्ट्रपति और खड़गे

कभी किसी ने कुर्सी का इतना अपमान नहीं किया, जितना आपने

नई दिल्ली। मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हो गई। इस दौरान सभापति ने खरगे के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने कुर्सी का जितना अपमान किया है, उतना किसी ने नहीं किया। धनखड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते।

राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान क्या हुआ था ?

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपने संबोधन में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। उन्होंने मणिपुर, काले धन और लद्दाख के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और आरोप लगाया कि सरकार ने बीते 10 वर्षों में जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया गया। प्रमोद तिवारी जब ये कह रहे थे तो कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बीच में कुछ कहना शुरू कर दिया, जिस पर सभापति ने कड़ी आपत्ति ली।

इसके बाद प्रमोद तिवारी ने फिर से अपना संबोधन शुरू करते हुए पेट्रोल डीजल के दामों के मुद्दे पर केंद्र पर हमला बोला और कहा कि दुनिया के बाजारों में तेल के दाम घटे और यहां बढ़े, इसमें प्रधानमंत्री के अपने दोस्तों यारों का कुछ है....। इस पर सभापति ने प्रमोद तिवारी को टोका कि बिना तथ्यों के आधार पर ऐसे आरोप मत लगाइए। इस दौरान फिर से जयराम रमेश ने अपनी सीट से खड़े होकर कुछ कहना शुरू कर दिया।

सोमवार को भी हुई थी तीखी बहस

सोमवार को भी राज्यसभा में सभापति धनखड़ और कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस हुई थी। दरअसल खरगे ने अपने बयान में आरोप लगाया कि शिक्षण संस्थाओं पर संघ और भाजपा के लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस पर सभापति ने आपत्ति जताई और उनके बयान को राज्यसभा की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया। सभापति ने कहा कि क्या किसी संस्था का सदस्य होना अपराध है? आपकी बात बिल्कुल गलत है। आरएसएस का सदस्य होना क्या अपराध है? यह एक संस्था है, जो राष्ट्र के लिए काम कर रही है, देश के लिए योगदान दे रही है। इस पर खरगे ने कहा कि देश के लिए संघ की विचारधारा खतरनाक है। सभापति ने खरगे के इस बयान को भी रिकॉर्ड से हटाने का निर्देश दिया।

'मुझे सोनिया गांधी ने बनाया है'

इसके बाद सभापति ने फिर से जयराम रमेश के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए तंज कसा कि जयराम रमेश इतने समझदार है कि उन्हें खरगे की जगह बैठना चाहिए। इस पर खरगे ने आपत्ति ली और बराबर में बैठीं सोनिया गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि 'मुझे बनाने (राज्सभा में विपक्ष का नेता) वाले यहां बैठे हैं श्रीमति सोनिया गांधी। न रमेश मुझे बना सकता है और न आप मुझे बना सकते हैं'। खरगे के इस बयान पर सभापति जगदीप धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने कहा 'आप हर बार कुर्सी को नीचा नहीं दिखा सकते। आप हर बार कुर्सी का अनादर नहीं कर सकते... आप अचानक खड़े हो जाते हैं और बिना यह समझे कि मैं क्या कह रहा हूं, कुछ भी बोल देते हैं। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के इतिहास में कुर्सी के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की। अब आपको आत्मचिंतन करने का समय आ गया है।'

आसन का इस तरह अपमान ठीक नहीं, सलीका सीखिए: धनखड़

इस पर खरगे ने कहा कि उन्हें बनाने वालीं सोनिया गांधी यहां बैठी हैं। मुझे न जयराम रमेश बना सकते हैं और न ही आप बना सकते हैं। मुझे जनता ने बनाया है। फिर सभापति जगदीप धनखड़ ने बाद सख्त लहजा अपनाते हुए कहा, 'खरगे जी, मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। मेरी बात को ध्यान से सुनिए। आप हर बार आसन का अपमान नहीं कर सकते। आप अचानक खड़े होते हैं और कुछ भी कह देते हैं मेरी बात को समझते भी नहीं हैं। इस देश के इतिहास और संसदीय लोकतंत्र में कभी भी आसन का इस तरह का अपमान नहीं किया गया, जैसा आपने किया है। सलीका सीखिए। मेरे में बहुत धैर्य है, बहुत सहनशक्ति है। खून का घूंट पी सकता हूं। मैंने कितना बर्दाश्त किया है...खरगे जी, आपको किसने बनाया ये आप जाने। मैंने जो मुद्दा उठाया, कैसे आपने ट्विस्ट किया। अंदाजा लगाइए। मेरे को भी पीड़ा होती है...कितने मौके आए हैं जब आपकी प्रतिष्ठा को कितना बड़ा धक्का लगा है पीछे से। मैंने देखा है। मैंने आपकी प्रतिष्ठा को बचाने की कोशिश की है और आप मुझे लांछित कर रहे हैं...सर ऐसा मत कीजिए। मैं सिंपल आदमी हूं। झुककर चलता हूं। पर ऐसा नहीं होना चाहिए।'

न्यूज गैलरी

फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने के लिए तैयार है सिंगापुर' बालकृष्णन

नई दिल्ली। इस्राइल और फलस्तीन के बीच जंग लगातार जारी है। इस बीच कुछ देश ऐसे हैं, जिन्होंने फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने पर जोर दिया है। इन देशों में सिंगापुर भी शामिल है। सिंगापुर एक सुनिश्चित समय में फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने के लिए तैयार है।

सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन ने संसद में इस बात की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर, दो राज्य समाधान की अवधारणा की वकालत करता है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति की शांति स्थापित करने वाली विचारधारा का समर्थन करता है। विवियन बालाकृष्णन ने कहा, 'एक ऐसी प्रभावी फलस्तीनी सरकार होनी चाहिए जो आतंक के अंत के लिए इस्राइल के कानूनों को स्वीकार करे। दोनों पक्षों के अपने अधिकार हैं और दोनों जगहों के लोगों को शांतिपूर्वक जीवन बिताने का अधिकार है।' विदेश मंत्री ने ये बातें संसद में सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए कहीं। दरअसल, 10 मई को सिंगापुर ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की स्थाई सदस्यता के पक्ष में मतदान करने पर सहमति जताई थी।

दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने पर जोर

विवियन बालाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि इस्राइल और फलस्तीन, दोनों पक्षों में शांति स्थापित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लोग बहुत लंबे समय से युद्ध को झेल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस्राइल और फलस्तीन के बीच शांति स्थापित करने के लिए साथ में काम करने की आवश्यकता है। इससे दोनों देशों के लोगों का भविष्य सुधरेगा। दोनों देशों का मित्र होने के नाते सिंगापुर शांति स्थापित करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों का साथ देता रहेगा।'

सिंगापुर ने यूएन में फलस्तीन के पक्ष में किया था मतदान

इस वर्ष 18 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा समिति ने एक प्रस्ताव पेश किया था। इसमें फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की बात कही गई थी। इसके बाद 10 मई को संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता के पक्ष में मतदान किया गया था। सिंगापुर ने भी फलस्तीन के पक्ष में मतदान किया था। इस दौरान कुल 143 देशों ने फलस्तीन के पक्ष में तो नौ देशों ने फलस्तीन के खिलाफ मतदान किया था। मतदान के दौरान 25 सदस्य देशों के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे।

'नीट को खत्म करें या तमिलनाडु विधानसभा में पारित विधेयक को मंजूरी दें'

चेन्नई। द्रमुक के राज्यसभा सदस्य पी विल्सन ने मंगलवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि या तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को समाप्त कर दिया जाए या तमिलनाडु के नीट छूट विधेयक को मंजूरी दी जाए, ताकि राज्य को इस प्रतिस्पर्धी परीक्षा से बाहर रखा जा सके। उन्होंने संसद के उच्च सदन में यह अपील ऐसे वक्त में की है, जब मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के आयोजन में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद चल रहा है।

इस मामले पर प्रधानमंत्री तत्काल ध्यान दें

विल्सन ने कहा, हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री तत्काल ध्यान दें या वो राज्य सरकार द्वारा पारित विधेयक को मंजूरी दें या नीट और राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा प्रणाली को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम में संशोधन करें। करीब 23.33 लाख छात्रों ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा दी थी। सर्वोच्च न्यायालय में प्रश्न पत्र लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच की जा रही है।

विधानसभा में पारित विधेयक को मंजूरी का इंतजार

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा ने नीट के बिना मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति देने वाले विधेयक को 2021 में पारित किया था और बाद में परीक्षा के खिलाफ और नीट के खतरे को दूर करने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने कहा कि विधेयक करीब तीन साल से केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित है, जिससे छात्रों और अभिभावकों में चिंता पैदा हो रही है।

संविधान बचाने की दुहाई देने वालों ने संविधान से की छेड़छाड़

नई दिल्ली। दिल्ली में संसद का विशेष सत्र चल रहा है. लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है. इसी क्रम में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाने की बात करते हैं लेकिन इंदिरा गांधी ने संविधान में बदलाव किए. संविधान में सेक्युलर शब्द जोड़ा गया. उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा विपक्ष मुस्लिम की राजनीति करती है।

नरेंद्र मोदी ने बदला संविधान : निशिकांत दुबे

निशिकांत दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के कार्यकाल को भी आड़े हाथ लिया. उन्होंने कहा कि संविधान में सोशलिस्ट शब्द को जोड़ा गया. 42 वां संविधान संशोधन कर उसके साथ छेड़छाड़ की गई. नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 धारा हटाने के लिए संविधान बदला. उन्होंने अनुसूचित जाति और ओबीसी के लिए बदला है।

झारखंड सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

निशिकांत दुबे ने झारखंड सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार ने मेरे उपर 80 केस किए. राज्य सरकार ने केसों में लड़ने के लिए 10 करोड़ रुपये खर्च किया. मेरी पत्नी, भाई और बच्चों के उपर केस किया गया. मेरे 80 साल के पिता के उपर केस किया गया. निशिकांत दुबे अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पेश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर बोल रहे थे।

निशिकांत दुबे ने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए बोला कि राज्य सरकार वोटबैंक की राजनीति करने के लिए बांग्लादेशी घुसपैठियों को आश्रय देती है. उन्होंने कहा कि सदन में उन्होंने 200 बार कहा कि उनके इलाके में घुसपैठियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही सरकार, अब मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी

नई दिल्ली। लोकसभा की कार्यवाही एक बार फिर मंगलवार को शुरू हुई। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही है।

अखिलेश यादव ने पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बोलने का मौका देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनाने से रोका। चुनाव के समय ऐसा कहा गया कि 400 पार पर समझदार जनता को फिर से धन्यवाद।

उन्होंने कहा, 'आवाम ने तोड़ दिया हूकुमत का गुमार, दरवार तो लगा है, मगर बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है। जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं, यह गिरने वाली सरकार है। क्योंकि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं, अधर में जो लटकी, वो तो कोई सरकार नहीं।' उन्होंने कहा, 'इस चुनाव में पूरे इंडी गठबंधन की जीत हुई है। यह इंडिया की सकारात्मक जीत हुई है। 2024 का परिणाम हम इंडिया वालों के लिए जिम्मेदारी से भरा पैगाम भी है। हम यह भी कहे 15 अगस्त 1947 अगर आजादी का दिन था, तो 4 जून 2024 देश के लिए सांप्रदायिक राजनीति से आजादी का दिन रहा। सबसे अच्छी बात यह है कि सांप्रदायिक राजनीति की हार हो गई।'

पेपर धांधली पर कही ये बात

नीट पेपर लीक पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा, 'पिछले 10 सालों की उपलब्धि बस इतनी ही है कि शिक्षा परीक्षा माफिया का जन्म हुआ। यूपी में सारे पेपर लीक हुए हैं। यहां तक कि अन्य राज्यों में भी ऐसा ही हुआ। नीट का पेपर भी लीक हुआ। अब सवाल उठता है कि आखिरकार सारे पेपर लीक कैसे हो रहे हैं। सच्चाई यह है कि सरकार नौकरी नहीं देना चाहती है इसलिए ऐसा करा रही है। सरकार आशा का प्रतीक होना चाहिए न कि निराशा का।' उन्होंने आगे कहा, 'सरकार पीछे की बात न करके आगे की बात करे। जनता किसी के बहकावे में नहीं आएगी।' सपा सांसद ने कहा कि एक और जीत हुई है। अयोध्या में हुई जीत जनता की समझ की जीत है। हम तो यही सुनते आए हैं होए वही जो राम रचराखा।

ईवीएम का मुद्दा मरा नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कहा, 'जब मॉडल ऑफ कंडक्ट चुनाव हुआ तो सरकार काफी लोगों पर मेहरबान रही। मुझे ईवीएम पर कल भी भरोसा नहीं था और आज भी नहीं है। मुझे 80 सीटें भी मिल जाएं तब भी भरोसा नहीं होगा। मैंने अपने चुनाव में कहा था कि ईवीएम से जीतकर ईवीएम को हटाने का काम करेंगे। न ईवीएम का मुद्दा मरा है और न ही होगा खत्म।

यूपी में 35 फीसदी का ग्रोथ चाहिए

उन्होंने आगे कहा, 'सरकार कहने को तो कहती है कि यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। मगर सरकार क्यों छिपा रही है कि अगर यह सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय किस स्थान पर पहुंची है। हमने देखा है कि अगर दिल्ली सरकार ने कहा होगा पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी, तो जहां से पीएम से चुनकर आती है, तो वहां की प्रदेश सरकार कह रही है कि हम एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बना लेंगे। अगर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनना है तो 35 फीसदी की ग्रोथ चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि इतनी ग्रोथ हो पाएगी।''आवाम ने तोड़ दिया हूकुमत का गुमार, दरवार तो लगा है, मगर बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है।

जोड़ने वाली राजनीति की जीत

उन्होंने कहा, 'जो लोग चुनाव को अपनी तरह से मोड़ते हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि इस चुनाव के परिणाम में तोड़ने वाली राजनीति की हार हुई है। वहीं जोड़ने वाली राजनीति की जीत हुई है। इस चुनाव में धन, छल, बल की नकारात्मक राजनीति की शिकस्त हुई है। यह चुनाव सकारात्मक का दौर शुरू हुआ है। संविधान ही संजीवनी है। यह संविधान मंथन में हैं। संविधान रक्षकों की जीत हुई है। मैं कहना चाहता हूं कि देश किसी की निजी महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि जन आंकाक्षा से चलेगा। मतलब अब मनमर्जी नहीं जनमर्जी चलेगी।' 'पहली बारिश में टपकती छत और गिर चुकी स्टेशन की दीवार बेइमानी की निशानी बन गई है। विकास का ढिंढोरा पीटने वाले इस विनाश की जिम्मेदारी कब लेंगे।

अग्निवीर को लेकर हमला

'किसी भी देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता कोई है तो वो देश की सीमाओं की सुरक्षा है।

न्यूज गैलरी

कार के अंदर छात्रा की गला काटकर हत्या

गुफरान, आरोपी

दूसरे लड़के के साथ देखा, पीछा किया, गेट खोलते ही चाकू मारा

जबलपुर/नवप्रदेश। जबलपुर में 11वीं की छात्रा की उसके ही दोस्त रहे युवक ने हत्या कर दी। 16 साल की छात्रा किसी और लड़के के साथ कार में थी। आरोपी को यह बर्दाश्त नहीं हुआ। जब छात्रा और उसका दोस्त घूमकर लौटे, आरोपी भी दौड़ लगाते हुए पीछे आ गया। वह पहले ही हत्या का मन बना चुका था। ओमती इलाके के घंटाघर पर कार रुकी। छात्रा ने उतरने के लिए गेट खोला, ठीक तभी आरोपी ने उसके गले में चाकू मार दिया। घंटाघर से कुछ ही दूरी पर नया मोहल्ला में छात्रा का घर है। हमले के बाद आरोपी भाग निकला। घटना सोमवार शाम 6 बजे की है। छात्रा को घायल हालत में प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। देर रात मेडिकल कॉलेज लाने से पहले छात्रा ने दम तोड़ दिया। देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

छात्रा ने आरोपी के प्रपोजल को ठुकरा दिया था

आरोपी गुफरान (21) भी छात्रा के ही मोहल्ले का रहने वाला है। कपड़े की दुकान में काम करता है। छात्रा से उसकी दोस्ती एक साल पहले हुई थी। दोनों साथ में घूमा करते थे। इस बीच छात्रा की दोस्ती एक और लड़के से हो गई। नए दोस्त के साथ छात्रा का घूमना-फिरना गुफरान को पसंद नहीं आया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने छात्रा को समझाया। उससे कहा कि वह उसे बहुत प्यार करता है। लेकिन, छात्रा ने उसके प्रपोजल को ठुकरा कर कह दिया कि वह कोई मतलब नहीं रखना चाहती।

आरोपी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार

गुफरान घात लगाकर छात्रा के लौटने का इंतजार कर रहा था। जब उसने छात्रा पर हमला किया तो कार में मौजूद उसका दोस्त घबराकर भाग गया। पुलिस ने रेलवे स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार किया। कार भी जब्त कर ली।

कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को हटाया

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में लापरवाही पर एक्शन, अधिकारियों पर लगेगा जुर्माना

बैतूल/नवप्रदेश। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निपटारा समय पर न करने से नाराज कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार गोवर्धन पाठे को हटा दिया है। उनकी जगह प्रदीप तिवारी को तहसीलदार बनाया गया है। कलेक्टर ने साफ किया है की परफॉर्मेंस न देने वाले अधिकारियों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी आज मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जिले में पदस्थ सभी विभाग प्रमुखों से मिली रेटिंग को सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर शिकायतों के निराकरण के लिए बने रेटिंग चार्ट के आधार पर बुधवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक लेवल अधिकारियों के साथ दोबारा समीक्षा करेंगे।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासकीय कार्यों के साथ अधिकारियों का व्यवहार आमजन के प्रति मैत्रीपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5 जुलाई तक 75 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण के निर्देश दिए गए थे। अधिकतर विभाग टारगेट से अत्यधिक दूर है। यह स्थिति काम के प्रति आपकी गंभीरता को दर्शाता है।

अर्थदंड से किया जाएगा दंडित

कलेक्टर ने कहा कि आगामी बैठक में परफॉर्मेंस खराब मिलने पर अर्थदंड से दंडित किया जाएगा। दंड की राशि कम से कम 200 रुपए और अधिक से अधिक लोक सेवा गारंटी के तहत काम नहीं करने पर एक दिन के अर्थदंड से दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोग कम से कम 75त्न शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आज करीब 14 विभागों की समीक्षा की।

भोपाल शहर सरकार का बजट- नया टैक्स नहीं

हेरिटेज एंट्री गेट, मिनी स्पोर्ट्स सेंटर बनेंगे; प्रॉपर्टी टैक्स की 50 प्रतिशत राशि उसी वार्ड में खर्च होगी

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल महापौर मालती राय ने मंगलवार को शहर सरकार का 3353 करोड़ रुपए का बजट पेश कर दिया। बजट में कोई भी टैक्स नहीं बड़ा है। अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में विकास कार्य कराए जाने के लिए करोड़ों रुपयों का प्रावधान है। वहीं, डोर-टू-डोर कचरा इकट्ठा करने के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियां भी खरीदी जाएंगी। इसमें 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

प्रॉपर्टी टैक्स में जितनी राशि मिलेगी, उसमें से 50 प्रतिशत उसी वार्ड में खर्च होंगी। पार्षद इसके प्रस्ताव दे सकेंगे और एमआईसी मंजूरी देंगी। कंवेंशन सेंटर 10 करोड़ रुपए और तालाबों को संवारने के लिए 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

पहली बार राजधानी की सभी मुख्य सड़कों पर हरिगेज गेट बनाने का प्रस्ताव भी है। इस पर 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इतनी ही राशि से मिनी स्पोर्ट्स सेंटर भी बनेंगे तो चौराहों को भी संवारा जाएगा। रात में सड़कों पर उजाले के लिए 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसी तरह पहली बार निगम कर्मियों के 10वीं और 12वीं की मैरिट लिस्ट में आने वाले बच्चों को 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

पिछले साल से इसकी शुरुआत हुई थी। जिसमें सिर्फ बेटियों को ही यह राशि दी जा रही है। महापौर राय ने कहा कि 15 अगस्त से ही बेटों को भी 5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इधर, नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बजट को पुराने कवर में नई किताब बताया है।

राजस्व आय में 5 प्रतिशत हानि का आंकलन, 98 करोड़ रुपए कम मिलेंगे

बजट में आय और व्यय बराबर रहने का अनुमान है। इस वित्तीय वर्ष में नगर निगम की अनुमानित आय 3353 करोड़ 16 हजार रुपए रहेगी, और अनुमानित व्यय भी इतना ही रहेगा। हालांकि, यदि राजस्व आय में 5 प्रतिशत की हानि का आंकलन भी है। इससे 98.80 करोड़ रुपए की हानि भी संभावित है।

नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी का कहना है कि बजट में कुछ भी नया नहीं है। पिछले साल के बजट के बिंदुओं के नंबर बदले गए हैं। महापौर ने पिछले बजट और अंतरिम बजट का हिसाब नहीं दिया। जो 700 करोड़ रुपए लैप्स हुए हैं। बजट में उसका जिक्र तक नहीं किया।

पार्षदों की निधि के लिए इतनी राशि

वार्ड नियोजन निधि के रूप में प्रति वार्ड 25 लाख रुपए के मान से बजट में 21 करोड़ 25 लाख रुपए का प्रावधान किया है। साथ ही संपत्ति कर की 50 प्रतिशत की राशि भी वार्डों के विकास कार्यों पर खर्च होगी।

अध्यक्ष के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान

बजट में निगम अध्यक्ष निधि को 2 करोड़ रुपए रखने का प्रावधान भी किया गया है। पिछली बार भी इतनी ही राशि थी। महापौर के लिए यह राशि 5 करोड़ रुपए है। पिछले साल से यह राशि बड़ाई गई है। जोन अध्यक्षों के लिए भी राशि का प्रावधान है तो पार्षद भी 1 लाख रुपए तक के कार्य अपनी निधि से करवा सकेंगे।

एमआईसी मेंबर यति बोले - भोपाल क्या भारत-पाकिस्तान है?

प्रॉपर्टी टैक्स के मुद्दे पर एमआईसी मेंबर रविन्द्र यति ने विपक्ष के उन पार्षदों पर तीखा हमला किया, जो पार्षद निधि बढ़ाने की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल में दो कानून नहीं रहने देंगे। क्या भोपाल भारत-पाकिस्तान है? हम 80 प्रतिशत प्रॉपर्टी टैक्स वसूलते हैं, लेकिन कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पर सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स ही मिल रहा। जबकि वार्ड के लिए पर्याप्त राशि मिलती है। अब ऐसा नहीं होने देंगे। यदि पैसा हम वसूला है तो राशि हमारे वार्ड में ही खर्च होगी।

एमआईसी मेंबर राठौर बोले- पुराने शहर से संपत्ति कर नहीं आ रहा है

प्रॉपर्टी टैक्स पर एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने कहा कि पुराने शहर से संपत्ति कर नहीं आ रहा है। कई वार्डों की स्थिति अच्छी नहीं है। पार्षद चाहते तो हैं कि सुविधा बढ़े, ज्यादा राशि खर्च की जाए, लेकिन संपत्ति कर जमा नहीं करवा रहे। यदि वे ऐसा कर देंगे तो मैं अपनी पूरी निधि उस वार्ड में खर्च कर दूंगा। इस पर अध्यक्ष सूर्यवंशी बोले कि निगम अभियान चलाकर संपत्ति कर जमा करवाएं।

रविंद्र यति बोले- आरोप लगाने से पहले चिंतन-मनन जरूर कर लें

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एमआईसी मेंबर रविंद्र यति ने विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा- विपक्ष आरोप लगाने से पहले चिंतन-मनन जरूर कर लें। एमआईसी मेंबर की राशि उसकी खुद की नहीं होती, यह जनहित में ही खर्च की जाती है। इसलिए विपक्ष आरोप लगाए तो एक बार विचार कर लें।

कांग्रेस पार्षद ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

कांग्रेस के सीनियर पार्षद मोहम्मद सरवर ने भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। कहा- बड़ी- बड़ी फर्म को फर्जी तरीके से टेंडर दिए जा रहे हैं। अफसर सुनते ही नहीं है। लेखा शाखा में गड़बड़ हो रही है। इस मुद्दे पर

अमरवाड़ा में उपचुनाव की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन जनता को धोखा देने से यह उपचुनाव हो रहा है: कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने अमरवाड़ा में जनसंपर्क, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया

कमलेश शाह के विरूद्ध अपराध दर्ज होने के बाद जेल जाने की नौबत आई तो भाजपा में चले गये, करोड़ों का भ्रष्टाचार पत्नी के साथ मिलकर किया: जीतू पटवारी

भोपाल/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने आज अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में स्थानीय नेताओं, कांग्रेसजनों के साथ जनसंपर्क किया और कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया।

श्री पटवारी ने आज अमरवाड़ा के आंचलकुंड, बटका हरई में कार्यकर्ता से संवाद किया उसके बाद शिकारपुर पहुंचे। श्री पटवारी ने उसके बाद सिंगोडी में गौली चंद्रवंशी समाज सम्मेलन में समाजबुंधओं को संबोधित किया, तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी से सौजन्य भेंट की और उनके साथ शहनाई गार्डन में स्थानीय पर्यवेक्षक, कांग्रेसजनों के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ ने कहा कि छिन्दवाड़ा का नाम और पहचान बनाने में मैंने अपनी जवानी समर्पित कर दी। मैं अंतिम सांस तक छिन्दवाड़ा की सेवा करुंगा और जो बन पड़ेगा वो सहयोग निरंतर करता रहूंगा। इस उप चुनाव की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन यह चुनाव जनता को धोखा देने वाले की वजह से हो रहा है। धोखा कमलनाथ या फिर कांग्रेस के साथ नहीं हुआ है, अमरवाड़ा की जनता, अमरवाड़ा के परिवारजनों के साथ धोखा है। मुझे यहां के प्रत्येक नागरिक पर पूर्ण विश्वास है कि वे इस धोखे का बदला अवश्य लेंगे और धोखा देने वाले को सबक सिखायेंगे।

श्री पटवारी ने अमरवाड़ा विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इनवाती के समर्थन में हरेई में माननीय कमलनाथ जी के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान श्री पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा का यह उपचुनाव लोकतंत्र और जनमत के अपमान का बदला लेने के साथ ही माननीय कमलनाथ जी के सम्मान का चुनाव है, हम सभी को इसमें अटूट मेहनत करना है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे बुनियादी मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाकर भाजपा लोकतंत्र के साथ आपराधिक षडयंत्र कर रही है। श्री पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा की जनता आदिवासी वर्ग का सम्मान करती है। भाजपा ने आदिवासी वर्ग के साथ धोखा किया है, जिसका बदला यहां की जनता भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखाकर लेगी। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भाजपा ने लोभ-लालच देकर अपने पक्ष में माहौल तो बना लिया, लेकिन इनकी नीति और नीयत साफ नहीं है।

श्री पटवारी ने कहा कि अमरवाड़ा की जनता यह तीसरा चुनाव देख रही। जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध के बावजूद कांग्रेस व श्री कमलनाथ ने राजा कमेलश शाह जी को तीन बार टिकट दिया। इसलिये की राज परिवार से है जनता की सेवा करेंगे, किन्तु इन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हरई नगर परिषद से जनता की सेवा नहीं की बल्कि स्वयं के लिये घोटाला किया। लोकायुक्त की जांच में घोटाला सिद्ध हुआ और अपराध दर्ज होने के उपरांत जेल जाने की नौबत आई तो भाजपा में चले गये और भाजपा में जाने के बाद इनका घोटाले का पाप धुल गया, लेकिन जनता इन्हें माफ नहीं करेगी।

श्री पटवारी ने कहा कि वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी श्री धीरन शाह सुखरामदास (दादा जी) है जिनकी चार पीढ़ी निस्वार्थ व निष्पक्ष भाव से जनता की सेवा कर रही है। अमरवाड़ा और हर्रई में जो भी विकास हुआ है उसके पीछे मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व कांग्रेस का नाम आता है। स्कूल, कॉलेज व हॉस्पिटल से लेकर छोटे-छोटे गांव तक पहुंची पक्की सड़क केवल और केवल श्री कमलनाथ जी की वजह से बनी है। प्रदेश में ऐसा कोई जिला नहीं है जहां इतनी संख्या में सड़कें हों।

इस अवसर पर आयोजित विशाल आमसभा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, नरसिंहपुर के पूर्व विधायक संजय शर्मा, अमरवाड़ा उप चुनाव प्रभारी सुनील जायसवाल, पर्यवेक्षक सचिन वानखेड़े, महेन्द्र राठौरिया, प्रेम साहू, अंगूरी सैलार, ब्रजभान सिंह, नारायण इनवाती, अशोक यादव, फूलभान शाह, रामकुमार सरेयाम, ओमशी भलावी, धनीराम भलावी, मप्र कांग्रेस समाज कल्याण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुराग भार्गव, अभिनय ढिमोले, सौपान कोहले, ललित इरपाची सहित कांग्रेस के क्षेत्रीय अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आमजन उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र का किया निरीक्षण

ग्राम धमर्रा में निर्देशों का पालन न करने पर एसडीओ पीएचई एवं सब इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस

भोपाल/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर शहरी क्षेत्र में नालों की साफ़-सफ़ाई का निरीक्षण करने के साथ बैरसिया के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर गौशाला, नल-जल योजना, नरेगा सहित अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सिंह ने बरसात को देखते हुए नालों की साफ - सफाई का जायजा लेने आज 1250 अस्पताल के पास स्थित नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को नालों की नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश देने के साथ अधिकारियों को संभावित जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर अभी से कार्यवाही करने के निर्देश दिये जिससे जलभराव की स्थिति न बने।

कलेक्टर श्री सिंह ने मनीखेड़ी, गुनगा बैरसिया में गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गौशाला का संचालन एसएचजी के द्वारा कराने के साथ अन्य निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने धमर्रा ग्राम का निरीक्षण कर नल-जल योजना के क्रियान्वयन का अवलोकन किया।उन्होंने ग्रामवासियों से भी जाना कि नल-जल योजना के तहत उनके घरों में नल से जल प्राप्त हो रहा है कि नहीं जिस पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि उन्हें नल से जल प्राप्त हो रहा है ।उन्होंने ग्राम में शासकीय भूमि पर तालाब निर्माण के भी निर्देश दिये जिससे तालाब नल जल योजना के सोर्स के लिए वॉटर रिचार्ज का कार्य करेगा । कलेक्टर श्री सिंह ने भोपाल जिला अंतर्गत जितनी पानी की टंकी है उनके आसपास पौधारोपण करने के निर्देश दिये है। धमर्रा में पानी की टंकी के आस पास पौधारोपण के लिये गड्ढे न करने पर कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीओ पीएचई श्री ओम प्रकाश तिवारी एवं सब इंजीनियर श्री देवेन्द्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने संबंधित को निर्देश दिये।

वन प्रबंधन की दिशा में राज्य सरकार का बड़ा फैसला

भारतीय वन सेवा अधिकारियों के कार्य निष्पादन एवं मूल्यांकन रिपोर्ट के लिये राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी

भोपाल/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा भारतीय वन सेवा अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) के लिये एक नई प्रणाली लागू की गई है। वन प्रबंधन में शामिल विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के बीच पारदर्शिता, दक्षता और सहयोग को बड़ाने के उद्देश्य से नई प्रणाली लागू की गई है। नई प्रणाली में डीएफओ की एसीआर पर कलेक्टर की टिप्पणियों को भी शामिल किया गया है। जिला स्तर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, वन प्रबंधन, भूमि अधिग्रहण और माइनिंग उद्योगों में वन और प्रशासन दोनों विभागों की महती आवश्यकता होती है। वर्तमान व्यवस्था में भी वन प्रबंधन और इससे जुड़े मामलों में जिला कलेक्टर का रोल सर्वथा महत्वपूर्ण होता है और कलेक्टर के अभिमत पर ही प्रस्ताव पास किए जाते हैं। इसी तरह, वरिष्ठ आईएफएस अधिकारियों की एसीआर अब विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी।

राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में भारतीय वन सेवा अधिकारियों के कार्य निष्पादन एवं मूल्यांकन रिपोर्ट (पीएआर) लिखने के लिये चैनल निर्धारित किया गया है। इसमें वन मण्डल अधिकारी/वन संरक्षक (क्षेत्रीय) स्तर के अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली में समीक्षक अधिकारी वन बल प्रमुख होंगे और स्वीकारकर्ता अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव होंगे। वन मण्डल अधिकारी (उत्पादन) की गोपनीय चरित्रावली में समीक्षक प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) और स्वीकारकर्ता अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव होंगे। उप वन संरक्षक (न्याया प्रकरण) के गोपनीय चरित्रावली के समीक्षक अधिकारी वन बल प्रमुख और स्वीकारकर्ता अधिकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव होंगे।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई.प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement.Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 155389/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2024-25 दि. 28.06.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 15.07.2024 17:30 तक आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम - फुटहामुड़ा मुख्य नहर के आर.डी. 9330 मी. से 19740 मी. तक मुख्य नहर का निर्माण, लाईनिंग कार्य तथा 36 नग संरचनाओं का निर्माण कार्य।
अनुमानित लागत : रु. 1693.05 लाख
(एस.ओ.आर. 01.08.2010 से प्रचलित यथा संशोधित दिनांक 01.08.2014)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.07.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल प्रबंध संभाग रुद्री
कोड नं. 38 (छ.ग.)
वास्ते मुख्य अभियंता
महा.परि. जल संसाधन विभाग रायपुर

जी-242500725/9

सुविचार

आप चाहे जितने अच्छे शब्द लिख लें, पढ़ लें, सुन लें वे आपका उस समय तक कोई भला नहीं कर सकते जब तक आप उसको उपयोग में नहीं लाते। - अज्ञात

राहुल गांधी ने सरकार को दिखाया आईना

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बतौर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए सरकार को आईना दिखाया। उनका एक घंटे चालीस मिनट का धाराप्रवाह भाषण सुनकर सत्ता पक्ष हतप्रभ दिखा। जिस राहुल गांधी का पप्पू कहकर मजाक उड़ाया जाता था, उन्हें अगंभीर और अपरिपक्व नेता तथा पार्ट टाइम पालिटिशियन बताया जाता था, उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के रूप में दिए गए अपने पहले भाषण से यह साबित कर दिया कि वे अब नये अवतार में आ गए हैं। न उनके पास शब्दों की कमी दिखी न ही विचार शून्य नजर आए। उनका आत्मविश्वास वाकई तारीफ के काबिल था। नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उन्होंने इतने कम समय में सरकार को घेरने के लिए मुद्दे तय कर लिए और तथ्य भी जुटा लिए यह उनकी कार्य कुशलता का परिचायक है। उनके भाषण के दौरान प्रधानमंत्री से लेकर कई मंत्रियों को और यहां तक कि लोकसभा स्पीकर को भी टोका-टाकी करनी पड़ी, किंतु इससे भी राहुल गांधी विचलित नहीं हुए उल्टे हाजिर जवाबी से उनकी बोलती बंद कर दी। यदि यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि मंत्रियों ने टीका टिप्पणी कर राहुल गांधी का नेता प्रतिपक्ष के रूप में कद और बढ़ा दिया। सबसे बड़ी बात यह कि राहुल गांधी न सिर्फ कांग्रेस के नेता के रूप में बल्कि आईएनडीआईए के सर्वमान्य नेता के रूप में स्वयं को प्रतिष्ठित करने में सफल रहे। राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान उन्हीं मुद्दों को उठाया जिसे आईएनडीआईए में शामिल उनके सहयोगी दल समय-समय पर उठाते रहे हैं चाहे वह बेरोजगारी का मामला हो या फिर मणिपुर हिंसा हो या फिर किसानों को एमएसपी की बात हो राहुल गांधी ने इन सभी मुद्दों को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की। नीट पेपर लीक मामले को भी उन्होंने पुरजोर ढंग से उठाया और सरकार पर यह गंभीर आरोप लगाया कि नीट परीक्षा अब प्रोफेशनल नहीं बल्कि कमर्शियल हो गई है। इसे कमाई का जरिया बनाकर लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय कर दिया गया है। किसानों के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार पर तीखे हमले किए और कहा कि एमएसपी लागू करने का वादा सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। किसानों की आय दोगुना करने का शब्जबाग दिखाकर सत्ता में आई एनडीए सरकार के कार्यकाल में आज किसान की आमदनी सिर्फ 27 रुपए प्रतिदिन हो गई है। नतीजतन कर्ज में डूबे किसान आत्महत्या करने पर बाध्य हो रहे हैं। अग्निवीर योजना को लेकर भी राहुल गांधी ने सरकार को आड़े हाथों लिया और यह घोषणा कर दी कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आई तो वे अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। राहुल गांधी ने सबसे बड़ा हमला तो भाजपा के हिंदुत्व वाले ब्रम्हास्त्र पर किया और भाजपा के इस औजार की धार को कुंद करने की कोशिश की। यद्यपि वे इस मामले में सीमा लांघ गए और यह विवादास्पद बोल गए कि खुद को हिन्दु कहने वाले लोग चौबीसों घंटे हिंसा और नफरत की बात करते हैं। उनके इस कथन पर सदन में सत्ता पक्ष ने जमकर हंगामा किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे एक गंभीर विषय बताया। बाद में राहुल गांधी ने इस मामले को संभालने की कोशिश जरूर की, लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका था। दरअसल राहुल गांधी भाजपा पर हिन्दुत्व की राजनीति करने का आरोप लगा रहे थे और भावावेश में गलती कर बैठे। उन्होंने केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों के दुरूपयोग का भी आरोप लगाया और एक तरह से आईएनडीआईए में शामिल उन राजनीतिक पार्टियों के नेताओं को ढाल बनने की कोशिश की जिनके खिलाफ ईडी और सीबीआई की जांच चल रही है। कुल मिलाकर राहुल गांधी फ्रंट फूट पर खेलते नजर आए, जबकि सत्ता पक्ष बैकफुट पर दिखा। गौरतलब है कि दस साल की लंबी प्रतिक्षा के बाद विपक्ष को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिला है और इस पर राहुल गांधी आसीन हुए हैं। पिछले दस सालों के दौरान विपक्ष इतना कमजोर था कि वह नेता प्रतिपक्ष बनने लायक भी सीटें नहीं ला पाया था। इसलिए मोदी सरकार संसद में विपक्ष पर हावी रहती थी, किन्तु 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों ने जहां भाजपा की सीटें कम कर दी है, वहीं पहली बार इतना सशक्त विपक्ष। सुना है कि वह अब सरकार को सदन में कड़ी चुनौती देने की स्थिति में आ गई है। कांग्रेस ने 99 सीटें प्राप्त करके अपना नेता प्रतिपक्ष चुन लिया है और राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपनी प्रभावी भूमिका निभाकर फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। राहुल गांधी पिछले दो दशक से सांसद हैं और इन दो दशकों के दौरान उन्होंने लोकसभा में सौ सवाल भी नहीं पूछे थे, वे सिर्फ 25 चर्चाओं में ही भाग लिया था। सदन में उनकी उपस्थिति भी नगण्य रही है। ऐसी स्थिति में सत्ता पक्ष को यह उम्मीद कतई नहीं थी कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के रूप में ऐसे तेवर दिखाएंगे और सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए पूरी तैयारी के साथ नजर आएंगे। राहुल गांधी के भाषण के दौरान पहली बार सदन में यह देखने को मिला कि किसी भी नेता प्रतिपक्ष के भाषण के दौरान कितने सारे मंत्रियों को खड़े होकर जवाब देना पड़ा हो। यह याद नहीं पड़ता कि कभी किसी प्रधानमंत्री को एक नहीं बल्कि दो बार नेता प्रतिपक्ष के भाषण में हस्तक्षेप करना पड़ा हो। कुल मिलाकर राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने चयन की सार्थकता सिद्ध कर दिखाई है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वे पूरे पांच साल तक इसी तरह आक्रामक तेवर दिखाकर घेरने में सफल हो पाते हैं या नहीं।

राष्ट्रपति के अभिभाषण से निकले संदेश

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन का भी जिक्र किया, जो बराबर की चुनौती है और सरकार उस संदर्भ में लगातार सक्रिय है। यह भी वैश्विक चुनौती है, जो किसी महामारी से कम नहीं है। राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस महिला सशक्तिकरण पर रहा और उन्होंने देश के संपूर्ण बुनियादी ढांचे की सराहना की। जो सड़कें, पुल, राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे आदि बनाए जा रहे हैं, रेल और हवाई यात्रा का विस्तार किया गया है, कमोबेश उन्हें मोदी सरकार का ट्रालमार्कज् माना जाता है।

गौरतलब तथ्य यह भी है कि बेशक भारत विश्व की तीसरी महाशक्ति होगा, अमरीका और चीन के बाद भारत की अर्थव्यवस्था होगी, लेकिन विश्व की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे गरीब देश भी होगा। यह लड़ाई अभी बहुत लंबी है। दरअसल मोदी सरकार की अग्निपरीक्षा यह है कि वह विकास के सभी स्तंभों की बुनियाद मजबूत करे। इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा-क्षेत्र शामिल हैं। सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार और नौकरियां पैदा करे, ताकि करोड़ों बेरोजगारों को माकूल काम दिया जा सके। उससे भी आर्थिक विकास बढ़ता है। राष्ट्रपति ने जो आर्थिक विजन दिया है, यदि सरकार उसका अक्षरशः पालन कर सके, तो भारत की तस्वीर बदल सकती है। अभी बयान ज्यादा हैं और यथार्थ निश्चित ही बेहद कुरूप है।

भारत के राष्ट्रपति में सभी कार्यकारी शक्तियां निहित होती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद राष्ट्रपति की सहायता करती है तथा उन्हें सलाह देती है जोकि उस सलाह के अनुसार अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हैं।.संविधान के अनुच्छेद 87 में ऐसी दो स्थितियों का उल्लेख किया गया है जब राष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से संसद के दोनों सदनों को संबोधित किया जाएगा। प्रत्येक आम चुनाव के बाद पहले सत्र की शुरुआत होने पर, जब निचले सदन की पहली बार बैठक होगी, राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा और लोकसभा, दोनों को संबोधित किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष के पहले सत्र की शुरुआत में भी राष्ट्रपति द्वारा दोनों सदनों को संबोधित किया जाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण में सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं और आने वाले वर्ष की योजनाओं का अनिवार्य रूप से उल्लेख होता है। अभिभाषण सरकार के एजेंडा और दिशा का व्यापक फ्रेमवर्क प्रदान करता है।

18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के चैथे दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। 50 मिनट के भाषण में राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा- पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताई। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा- अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया, यह भी कहा- देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफकी, वहीं ळैज् को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया। राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत सरकार का ही दस्तावेजी वक्तव्य होता है। उसे सरकार लिखती है और राष्ट्रपति उसे पढ़ते हैं, क्योंकि सरकार राष्ट्रपति के नाम से ही संचालित की जाती है। यह गणतंत्र की एक खूबसूरत परंपरा है कि राष्ट्रपति संसद की साझा बैठक को संबोधित करते हैं। अभिभाषण के मायने स्पष्ट हैं कि केंद्र सरकार की नीतियों, योजनाओं, उसके कार्यक्रमों और विजन का यह सारांश खुलासा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उसी गरिमामय परंपरा को निभाया है। उन्होंने मोदी सरकार की उन परियोजनाओं की प्रशंसा की, जिन्हें देश अक्सर सुनता रहा है, लेकिन विपक्ष पूरी तरह सहमत नहीं है। वह उन्हें लीपापोती मानता है अथवा झूठे आंकड़े करार देता है।

मसलन-गरीबी से बाहर निकालने वाले लोगों का डाटा सवालिया है। देश की जनता उन परियोजनाओं से इसलिए भी वाकिफ है, क्योंकि वह ही लाभार्थी है, लेकिन इस बार राष्ट्रपति मुर्मू का फोकस आर्थिक समृद्धि और सुधारों की निरंतरता पर अधिक रहा है। देश की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी के करीब है और भारत का औसत विकास विश्व में सर्वाधिक और सबसे ज्यादा गतिमान है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था होगा, सरकार का यह संकल्प है। यानी जापान और जर्मनी भी भारत से पीछे होंगे। राष्ट्रपति का उल्लेख कोई नया नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अक्सर ऐसे दावे करता रहा है। आम चुनाव के दौरान ऐसे डाटा की भरमार रही, लेकिन मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के जरिए यह खुलासा कराया है, लिहाजा उसे विश्वसनीय मानना चाहिए।

सदन के अंदर अपने अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने जैसे ही देश में लगाए गए आपातकाल के उस दौरा का जिक्र किया तो विपक्षी सांसदों ने सदन के अंदर शोर मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान आपातकाल के उस दौरा का जिक्र करते हुए कहा कि आज 27 जून है। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर बड़े और सीधे हमले का काला अध्याय था। उस दौरान पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने जीत हासिल करके दिखाई। क्यों कि भारत के मूल्य में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही पीएम मोदी ने मेज थपथपाकर उनकी इस बात का समर्थन किया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 18वीं लोकसभा के पूर्ण बजट का भी कुछ प्रारूप रखा है कि वह भारत की जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों के अनुसार होगा। संसद के जुलाई सत्र में जो बजट पेश किया जाएगा, वह वाकई जनवादी होगा। उसमें दूरगामी नीतियों और भविष्य के विजन के साथ-साथ ऐतिहासिक कदम भी उठाए जाएंगे। बेशक राष्ट्रपति भी उन कदमों का खुलासा नहीं कर सकती थीं, क्योंकि बजट की गोपनीयता का तकाजा था।

राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान पेपर लीक को लेकर सरकार द्वारा लाए गए कानून का भी जिक्र किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हो इसके लिए सरकार सख्त उपाय कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि इसे लेकर पिछले दिनों कानून भी आ चुका है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में आगे कहा कि सरकार का प्रयास है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित अवसर मिले। राष्ट्रपति के इतना कहने पर विपक्ष एक बार फिर सदन के अंदर शोर मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने अभिभाषण के दौरान बीते दिनों हुए आम चुनाव का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पहली बार इस लोकसभा चुनाव में घर पर जाकर भी मतदान कराया गया है। 2024 की लोकसभा चुनाव की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया देख रही है कि भारत के लोगों ने लागातर तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसा छह दशक के बाद हुआ है। ऐसे में ये साफ है कि 2024 का यह चुनाव नीति, नीयत, निष्ठा और निर्णयों पर विश्वास का चुनाव रहा है।

यह गौरतलब रहा कि मोदी सरकार ने राष्ट्रपति के सौजन्य से यह सिद्धांत स्पष्ट कराया कि देश का विकास, उसके राज्यों के विकास पर ही, आश्रित है, क्योंकि तभी एक राष्ट्र के समग्र विकास का आकलन किया जा सकता है और एक राष्ट्रीय तस्वीर सामने आती है। इस विकास में प्रतिस्पर्धा भी होनी चाहिए और सहकारिता का भाव भी रहना चाहिए, यही भारत का सच्चा संघीयवाद है। राष्ट्रपति ने कुछ ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख किया, जो च्सूर्योदयज् की तरह माने जाते हैं। मसलन-विद्युत वाहन, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाईड्रोजन, बैटरी आदि। इन क्षेत्रों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और प्रगति के प्रतीक हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1608 में 3 जुलाई को ही फ्रांसीसी खोजकर्ता सैमुअल डी चमपैन ने क्यूबेक सिटी की स्थापना की थी। 1778 में आज ही के दिन पर्शिया ने ऑस्ट्रिया के खिलाफयुद्ध की घोषणा की थी। 1720 में 3 जुलाई को हीस्वीडन और डेनमार्क ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। 1778 में आज ही के दिन प्रशा ने ऑस्ट्रिया के विरूद्ध युद्ध की घोषणा की थी। 1876 में 3 जुलाई को ही मांटनीग्रो ने तुर्की के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया था। 1883 में आज ही के दिन महान लेखक फ्रांज काफ्का का प्राग में जन्म हुआ था। 1884 में 3 जुलाई को ही स्टॉक एक्सचेंज डाउ जोंस ने अपना पहला स्टॉक इंडेक्स जारी हुआ था। 1908 में आज ही के दिन ब्रिटिश सरकार ने बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार किया था। 1928 में 3 जुलाई को ही जेएल बेयर्ड ने लंदन में पहली बार कलर टीवी का प्रसारण किया था। 1947 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने मार्शल योजना में भाग लेने से मना कर दिया था। 1951 में 3 जुलाई को ही न्यूजीलैंड के महान तेज गेंदबाज रिचर्ड हैडली का जन्म हुआ था। 1962 में आज ही के दिन अमेरिकी अभिनेता टॉम हैंक्स का जन्म हुआ था। 1962 में आज ही के दिन फ्रांस के राष्ट्रपति ने अलजीरिया की आजादी की घोषणा की थी।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

घुमड़ते हैं बादल

घुमड़ते हैं बादल, घुमड़ते है अरमान, बरसती हैं बूँदें, छलकते हैं अरमान । निकला चाँद बादलों मे ,भीगा-भीगा, नज़मों मे ढलने लगे , दिल के अरमान । रिमझिम फुहारों ने, बाँधा समा है , अश्कों ने छेड़ी, अलग ही इक धुन । मेघ के मृदंग पर जब नाचे मयूरा , वश मे कब रहता है,चंचल अपना मन ।

– शिखा लाहिरी

मरघट तीरथ मानिये

मरघट तीरथ मानिये, मरघट चारों धाम । अंतिम यही पड़ाव है, सत्य राम का नाम ॥ सत्य राम का नाम, सुगम यह राह बनाता । श्री चरणों की ठाँव, यही तो है पहुँचाता । सुमन अंत आरंभ, मान ले जितना झटपट । लगे स्वर्ग की राह, यही नीरस सा मरघट सुमन ओमानिया

– सुमन ओमानिया

खास पाती | नैन से नैन मिले जबसे दिन रैन

नैन से नैन मिले जबसे दिन रैन ही नैन तुम्हें बस चाहें । नैन की बात तो नैन ही जानें नैन में नीर भरें बस आहें ।। नैन से दूर जो नैन भये तौ पूछत नैन मिले हम काहें । नैन में नैन का खोज रहे अरु आज निहारत है हम राहें ।। राह निहारि के नैन थके अब और नहीं तुम नैन दुखाओ । चाह यदि फिर नैन मिले तौ नैन से नैन अभी मिल जाओ ।। है जग मा नहि नैन कमी पर नैन को नैन ना दोष लगाओ । नैन के पास मा दूसर नैन तौ नैन नहीं फिर वापस आओ ।। – अजय मिश्रा अभिज्ञ

वो तेरा नख़रे दिखाना, क्या हुआ?

वो तेरा नख़रे दिखाना, क्या हुआ? मुझ से जब तब रूठ जाना, क्या हुआ? बिन पलक झपके वो तेरा एक टक नज़रों से नज़रें मिलाना, क्या हुआ? चुपके से आती थी मुझ से मिलने को चाहतों का वो ज़माना, क्या हुआ? वो अदाएं, वो शरारत, बांकपन साथ में हँसना हँसाना, क्या हुआ? जून की गर्मी में दिन के दो बजे स्टैंड पर मिलने को आना, क्या हुआ? – अजय अज्ञात

विपक्ष केवल संविधान की प्रति लेकर

विपक्ष केवल संविधान की प्रति लेकर न फोटो खिचाये बल्कि तैयार रहे कि संविधान का प्रस्तावना या मूल भावना न बदल पाये किसी का जबरन नसबंदी न हो सुप्रीम के आदेश को न पलटा जाय (जैसा शाह बानो प्रकरण मे हुआ) दुबारा देश मे आपातकाल न आ पाये । संविधान मे मनचाहा और सुविधा के लिये संशोधन न हो ।

– ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

उर-अंतर का कोना-कोना

उर-अंतर का कोना-कोना, मन को अति हरषाएगा, विनय-भाव गायक से रखिए, तो वह गीत सुनाएगा। दौलत की जिनको गर्मी है, झूठी शान दिखाते हैं, अपने खर्चे से ही अपना, वे सम्मान कराते हैं। अहंकार के सम्मुख भाई, कलाकार क्यों गाएगा, विनय-भाव गायक से रखिए, तो वह गीत सुनाएगा। सुर-साधक शारद का सेवी, भक्त उन्हीं का होता है, भक्तिपूर्ण, सुंदर गीतों से, कलुष हृदय का धोता है। आप बनें सच्चे गुणग्राही, वह निहाल हो जाएगा, विनय-भाव गायक से रखिए, तो वह गीत सुनाएगा। बागों में रौनक छा जाती, जब कोयल आ जाती है, कौओं की परवाह न उसको, मुक्त-कंठ से गाती है। तान सुरीली सुनकर उसकी, कौन नहीं मुसकाएगा, विनय-भाव गायक से रखिए, तो वह गीत सुनाएगा।

– राजकुमार धर द्विवेदी

जात-पात से ऊपर उठ कर

जात-पात से ऊपर उठ कर जब जीत सभी का ध्येय होता है तो निश्चित ही भारत का राजतिलक भी तय होता है छंटने लगते तम के बादल ससूरज एक उदय होता है लेता रूप सविराट गगन नष्ट सभी का भय होता है आँसू को दे देश निकाला खुशियों से परिचय होता है मिट जाते हैं संशय सारे समता का संचय होता है खेल-कूद या हो राजनीति जब रिश्ता भाव मय होता है तब-तब अखण्ड बने भारत खुश फिर हर हृदय होता है – अल्का अग्रवाल

आज फिर तेरा इंतज़ार है हर पल

आज फिर तेरा इंतज़ार है हर पल तेरी कमी सी है आ जाओ के आज फिर आंखो में नमी सी है होता नहीं इंतजार अब दिल में बेकरारी सी है होठो पर हंसी गुम है लबों पे ख़ामोशी सी है तुम बिन सूनी है आंखे दुनिया भी विरान सी है तेरी वो बातें तेरी यादें दिल में एक चुभन सी है नहीं कहना बहुत कुछ तुम्हे बस इक ख़वाहिश दबी सी है। – डेजी जायसवाल

प्रेरक प्रसंग

हम छोटों से भी सीख सकते हैं

एक बार कि बात है। स्वामी विवेकानन्द भारत भ्रमण करते हुए खेतरी के राजा के पास गए। राजा ने उनका बहुत सम्मान किया। राजा को उन्होंने अत्यन्त प्रभावित किया। उनके सम्मान में एक भजन गायिका नर्तकी बुलायी गयी। जब उन्होंने नर्तकी को देखा इच्छा हुई, अब यहाँ से चलें। राजा ने साग्रह उन्हें बैठा लिया।

नर्तकी ने गाना शुरू किया, 'प्रभुजी अवगुन चित ना धरो' भाव था, 'हे नाथ! आप समदर्शी हैं, लोहा कसाई की कटार में है, वही मन्दिर के कलश में है। पारस इसमें भेद नहीं करता। वह दोनों को अपने स्पर्श से कुन्दन बना देता है। जल यमुना का हो या नाले का, दोनों जब गंगा में गिरते हैं, गंगा-जल हो जाते हैं।' हे नाथ फिर यह भेद क्यों? आप मुझे शरण में लीजिए।' यह सुनकर स्वामी जी की आँखों से अश्रुधरा बह चली। एक संन्यासी को सचमुच एक नर्तकी के द्वारा अद्वैत वेदान्त की शिक्षा मिली।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:31, सूर्यास्त : 07:18, चन्द्रोदय : 26:30, चन्द्रास्तः 16:05, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : आषाढ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : रोहिणी, योग : शूल, प्रथम करण : बालव (08:42 तक), द्वितीय करण : कौलव (19:54 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृष (11:14 से), मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:53 से 12:49, अमृत काल : 26:20 से 27:53, त्रिपुष्कर योग : 08:42 से 28:40, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:27 से 28:40, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त : 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या : 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त : 24:01 से 24:41, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 08:50 से 10:36, दुर्मुहूर्त : 08:08 से 09:04, होमाहुति : राहु (05:27 से केतु), दिशा शूल : उत्तर,

QUIZ TIME

1) हाल ही में पासपोर्ट सेवा दिवस 2024 कब मनाया गया?

2) घरेलू प्रशीतित्र (रेफ्रिजरेटर) में सामान्यतः कौन-सा प्रशीतक प्रयोग में लाते हैं?

3) प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से मिलती है?

4) भगवान महावीर उद्यान कहाँ स्थित है?

5) वर्ष 2024 में हिंदी के लिए युवा पुरस्कार किसे दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 24 जून (2) फ्रेमान (3) अनुच्छेद 19 (4) गांधी (5) नीरज चोपड़ा

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

वृष : आज के दिन आपका मन काल्पनिक दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे।

मिथुनः आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है। आज कोई भी कार्य करने से पहले उसकी रूप रेखा अवश्य बना कर चले।

कर्कः आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा। समाज से सम्मान तो मिलेगा इसके लिए व्यस्तता से समय भी निकालना पड़ेगा।

सिंहः आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे।

कन्या : आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे लेकिन मन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वाश करेगा।

तुलाः आज दोपहर तक का समय पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा। ।

वृश्चिकः आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी।

धनुः आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे लेकिन केवल स्वार्थ पूर्ति के लिए ही अंदर से आदर का भाव नही रहेगा।

मकरः आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे इससे मान सम्मान में वृद्धि के साथ ही नुकसान में भी कमी आएगी।

कुंभः आज के दिन भी शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थिति को भांप कर ही व्यवहार करेंगे ।

मीनः आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

न्यूज गैलरी

लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की भारतीय जनता पार्टी ने की समीक्षा

कोंडागांव/नवप्रदेश। भाजपा ने आज कोंडागांव जिला कार्यालय में कोंडागांव विधानसभा स्तरीय लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के परिणाम की समीक्षा बैठक संभाग सहप्रभारी निरंजन सिन्हा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा द्वारा की गई संभाग सह प्रभारी ने प्रत्येक बूथों की समीक्षा कर प्रत्येक कार्यकर्ताओं से चर्चा किया और आगामी 25 जून को आपातकाल का दिन को काला दिवस के रूप में याद किया गया तथा इस रविवार को मोदी जी के मन की बात की कार्यक्रम की भी चर्चा की गई तथा आने वाले 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती मनाने की योजना बनाई गई। इस दौरान मनोज जैन,जसकेतू उसेंडी,लक्ष्मी ध्रुव,दयाराम पटेल,गप्पी सुराना,संजू पोयम,मनोज साहू, पोल्टू चौधरी,बंटी नाग,बिट्टू पाणिग्रही सहित भाजपा के कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।

जिला चिकित्सालय में सुरक्षा सेवाएं देने एजेंसियों से 23 जुलाई तक निविदा आमंत्रित

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय ओर से वर्ष 2024-25 के निविदा खुलने की तिथि से एक वर्ष के लिये सुरक्षा सेवाएँ कार्य हेतु इच्छुक सुरक्षा एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22 जुलाई, निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई, निविदा फार्म खोलने की तिथि 24 जुलाई 2024 संध्या 4.00 बजे। पृथक-पृथक का निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन संहिता 500 (पाँच सौ रूपये) डी.डी. जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के नाम से जमा कर निविदा सूचना जले के वेबसाइड dantewada.nic.in में भी देखी जा सकती है। कार्यालयीन अवधि में 01 से 22 जुलाई 2024 तक निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

थाना कोण्डागांव में नए कानूनों पर कार्यक्रम आयोजन कर दी जानकारी

कोंडागांव/नवप्रदेश। देश मे नए कानून लागू होने कारण थाना कोण्डागांव, में 01/07/2024 को नए कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत और मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार उपस्थित में किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को 1 जुलाई सलागू हो रहे तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में इन नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और नागरिकों पर उनके प्रभाव पर चर्चा की गई।

इस अवसर में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं दीपेश अरोरा एवं अन्य जनप्रतिनिधि, जिला अभियोजन अधिकारी कोंडागांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रुपेश कुमार डांडे , उप पुलिस अधीक्षक के. पी . मरकाम, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव, थाना प्रभारी कोंडागांव सौरभ उपाध्याय, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पत्रकार गण, पूर्व सैनिक, कोटवार, गायता, पटेल, व आमजन व पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवीन कानून को लेकर ज़िला स्तरीय कार्यक्रम में दी गई जानकारी

ब्रिटिश कालीन कानून खत्म होने से जल्द मिलेगा न्याय

कांकेर/नवप्रदेश। संपूर्ण भारत में लागू हो रहे नवीन कानूनों के संबंध में कांकेर जिले में सभी अनुविभाग एवं थाना स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में कांकेर पुलिस ने जिला स्तरीय कार्यक्रम आशाराम नेताम विधायक की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में रखा गया।

इस दौरान वक्ताओं ने ब्रिटिश कालीन कानून को खत्म करने का स्वागत किया। कहा अब पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलेगा। इस दौरान कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, एसपी आईके एलिसेला ने जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, समाज सेवकों, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को नवीन कानूनों की जानकारी दी। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के नवीन प्रावधानों के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला ने नागरिक केन्द्रित अभियुक्त केन्द्रित, पीडित केन्द्रित कानून एवं कल्याणकारी अवधारणा के वर्तमान प्रासंगिकता के संबंध में व अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक (फोरेंसिक), डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के प्रावधान सहित संपूर्ण कानून पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। इस दौरान महिलाओं एवं बालकों के विरुद्ध अपराधों के बारे में बताते हुए उपस्थित स्त्रोतागणों के प्रश्नों व संशयों का समाधान किया गया।विदित हो कि इन नवीन कानून के निर्माण में कुल 04 वर्ष 03 माह 17 दिन का समय लगा, व दिसम्बर 2023 को पूर्ण हुआ। 25 दिसम्बर 2023 को नवीन कानून संबंधी तीनों विधेयकों पर राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त होकर इसी तिथि को विधेयक कानून के रूप में अधिसुचित किया गया। 164 वर्ष पुरानी भारतीय दण्ड संहिता 1860 में कुल 511 धाराएं थी, जबकि नवीन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं है। 51 वर्ष पुरानी दण्ड प्रक्रिया संहिता में 484 धाराएं थी, जबकि नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं है। इसी प्रकार 152 वर्ष साक्ष्य अधिनियम में 167 धाराएं थी जिसमें संशोधन पश्चात अब 170 धाराएं है।तीनो नवीन कानून 01 जुलाई 2024 से प्रवर्तनीय होंगे उक्त कानून के समस्त उपबंध उनके लागू होने की तिथि (01 जुलाई 2024) को या उसके पश्चात् घटित अपराध पर ही लागू होंगें। पुलिस बैण्ड की धुन पर राष्ट्रगान उपरान्त कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आलोक बाजपेयी वन मडलाधिकारी हेमनारायण गजबल्ला जिपं उपाध्यक्ष मो. मकबुल खान पालिका उपाध्यक्ष रामचरण कोर्राम अध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर रोमनाथ जैन उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पंचायतों के सरपंच, गणमान्य नागरिक के अलावा पुलिस से मनीषा ठाकुर रावटे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर गिरिजा शंकर साव उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक गोविन्द वर्मा रक्षित निरीक्षक दीपक साव रक्षित निरीक्षक प्रभारी यातायात कांकेर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

धनेलीकन्हार मंडल ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर लगाए मुर्दाबाद के नारे

हिंदुओं और सनातन पर प्रहार कतई बर्दाश्त नहीं : नायक

कांकेर/धनेलीकान्हार/नवप्रदेश । संसद मे विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में हिन्दूओ को लेकर बयान बाजी के विरोध मे धनेलीकन्हार मंडल अध्यक्ष पंचु राम नायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन कर राहुल गाँधी मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। मंडल अध्यक्ष नायक ने बताया की लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिस प्रकार हिंदूओ के देवी देवताओ का अपमान किया है साथ ही संसद में ऊल जुलुल बयान बाजी करते करोड़ो हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ किया गया है। हिंदूओ के खिलाफ गलत बयानबाजी बंद करें और पूरा हिन्दू समाज से राहुल गांधी माफ़ी मांगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने करोड़ो हिन्दूओ के सनातन धर्म और संस्कृति का मजाक उड़ाया है।हम सब इसका विरोध करते है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पंचू राम नायक महामंत्री डाकेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमलाल गाड़िया उपाध्यक्ष अंकित टावरी, किसन भुवार्य, सानू साहू, नरोतम साहू, नागेश साहू पियूष सलाम, द्रविड़ सलाम, हरीश रावटे, खुमेश बारला सहित सभी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे

उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए एनएसएस और एनसीसी के स्वयं सेवकों की सहायता लेने कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोंडागांव/नवप्रदेश। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाईड, रेडक्रास के सभी सदस्य एवं विद्यार्थियों को अपने ही परिवार आस-पडोस के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने प्रेरित करने के के कलेक्टर ने निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को 200 घण्टे का अध्यापन कराकर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रदान कराकर नवसाक्षर बनाने, महत्वपूर्ण जीवन कौशन वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता. परिवार कल्याण की शिक्षा प्रदान करने, बुनियादी शिक्षा समतुल्यता कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक स्तर (कक्षा 3 से 5). मध्य स्तर (कक्षा 6 से 8) और माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से 12 वी) की समतुल्यता प्रदान करने, व्यावसायिक कौशल विकास नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करने व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण 5 सतत् शिक्षा शिक्षार्थियों को कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल मनोरंजन एवं स्थानीय रूचि के अनुसार अन्य विषय में उन्नत सामग्री प्रदान करने के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला कोण्डागांव को राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 40000 शिक्षार्थियों एवं 4000 स्वयसेवी शिक्षकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में 4710 शिक्षार्थियों एवं 526 स्वयसेवी शिक्षकों का सर्व एवं उल्लास एप में उनकी प्रविष्टि की जा चुकी है। इस कार्यक्रम को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक व शिक्षक, आगनबाडी कार्यकर्ता, सचिव, मितानीन एवं स्वसहायता महिला समूह के संयुक्त प्रयास से यह कार्य किया जा रहा है तथा 5 जुलाई तक सर्वे व प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

स्टॉप डायरिया कार्यक्रम से बच्चों में डायरिया रोकने के लिए अभियान

कोंडागांव/नवप्रदेश। बच्चों में दस्त की रोकथाम के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में इस कार्यक्रम की समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि बच्चों में दस्त की समस्या से निपटने और शून्य बाल मृत्यु दर के लिए प्रयास करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने अपने लंबे समय से चल रहे गहन दस्त नियंत्रण पखवाड़े को स्टॉप डायरिया अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। 2014 में शुरू हुई यह पहल रोकथाम, सुरक्षा और उपचार रणनीति को बढ़ाने और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन और जिंक के उपयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। अभियान का 2024 का नारा, डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रोकथाम, स्वच्छता और उचित उपचार के महत्व पर प्रकाश डालता है।

स्टॉप डायरिया अभियान दो चरणों में लागू किया जाएगा। 14 से 30 जून 2024 तक प्रारंभिक चरण और 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक अभियान चरण। इस अवधि के दौरान प्रमुख गतिविधियों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में ओआरएस और जिंक सह-पैकेजों का वितरण, स्वास्थ्य सुविधाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित करना और प्रभावी डायरिया प्रबंधन के लिए वकालत और जागरूकता प्रयासों को तेज करना शामिल है।

कोड़ेकुर्से में नवीन कानून की दी गई जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। एक जुलाई से केंद्र सरकार के नवीन कानून को लेकर दुर्गुकोंदल ब्लॉक के थाना कोड़ेकुर्से में नवीन कानून के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलेक्सला के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी एसआई केजूराम रावत ने शाम 04 बजे आत्मानंद स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री शिरो केमरो,सरपंच नामदेव मरकाम सगाणु राम पुडो,श्रीमती श्यामवती गावडे उप सरपंच ज्ञान सिंह रावते गायता जितेंद्र बुगाटी एवं ग्राम प्रमुख भारसिंह प्रधान नारायण सिंह पटेल अजीत हिडको एवम अन्य ग्राम प्रमुख स्कूल के स्टॉफ छात्रगण समस्त थाना स्टॉफव ग्रामीण शामिल हुए।कार्यक्रम पश्चात राष्ट्रगान के साथ ही नये कानून का क्रियान्वयन प्रारंभ के साथ अनिवार्य रूप से पालन करने की बात कही गई।

स्कूल की बसों में पाई गई अनेक कमियों को दुरुस्त करने निर्देश

छात्र-छात्राओं को दी गई गुड टच और बैड टच की जानकारी

कांकेर/नवप्रदेश। स्कूली बच्चों को लाने लें जाने वाली वाहनों में स्कूल बस में निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था सहित नियमानुसार वाहन में समस्त दस्तावेज सीसीटीवी कैमरे बचाव के उपकरण को लेकर यातायात प्रभारी दीपक साव की टीम ने संत माइकल स्कूल पहुंचकर वाहनों की जांच पड़ताल किया गया।

मंगलवार को जिले के वरिष्ठ पुलिस कप्तान आई.के.एलिसेला के निर्देशानुसार श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे अति.पुलिस अधीक्षक कांकेर के मार्गदर्शन एवं अविनाश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में दीपक साव यातायात प्रभारी कांकेर के नेतृत्व में यातायात बल एवं महिला सुरक्षा दल के द्वारा सेंट माइकल स्कूल गोविंदपुर में जाकर स्कूल बसों का चेकिंग किया गया चेकिंग के दौरान बस के पेपर, आर.सी.फिटनेस लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों को चेक किया गया व बस में जो कमिया पायी गयी उसके बारे में संचालक एवं प्रिंसिपल को बताया गया कि इस पर सुधार किया जाए। साथ ही साथ बच्चों को लाने ले जाने के लिए जहां-जहां पर महिला परिचालकों को कमी थी उसके बारे में बताया गया व महिला परिचालकों को बच्चों को लाने ले जाने के समय बच्चों को किस प्रकार की समस्या होती उसको जानने का प्रयास किया जाए कैसे बच्चों को ठीक से लाया ले जा सके इस संबंध में बस चालकों से भी बात किया गया व बस चालकों की समस्याओं को भी यातायात पुलिस द्वारा सुनी गई व इनको दूर किया गया।

महिला रक्षा टीम के द्वारा

शार्ट सर्किट होने से लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के शीतला पारा में भारत सोनी तथा गोकुल सोनी के मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अचानक आग लगने से मकान में रखा अधिकांध

सामान जलकर राख हो गया है जिसकी अनुमानित कीमत तकरीबन एक लाख 1,00,000/- आंकी गई है। मकान में रखे समानो में टीवी,बिस्तर कपड़े बर्तन तथा बाज़ार में बिक्री हेतु रखा मनिहारी का सामान भी जलकर खाक हो गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग की रिपोर्ट भारत सोनी तथा गोकुल सोनी पिता स्वर्गीय रघुवीर सोनी ने कोतवाली थाना में कर दी है। जानकारी अनुसार उक्त मकान में दो भाई जो हाट बाज़ार में मनिहारी की छोटी सी दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है।शॉर्ट सर्किट के कारण उनके आजीविका में अब ज़िला प्रशासन से कुछ राहत राशि मिलने का आस जताई है।बहार हाल इस शॉर्ट सर्किट में घर में मौजूद लोग सुरक्षित निकाल लिए गए है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

भोले बाबा के सत्संग में भगदड़...

इस बीच जो लोग इस सत्संग में शामिल होने गए थे और भगदड़ का शिकार हुए हैं उन्होंने बताया कि मौके पर कैसे मंजर था। एक युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख पुकार मची हुई थी।

कांग्रेस परजीवी हो ...

सबसे बड़ा चुनाव था। पीएम मोदी ने करारा तंज कसते हुए शोले के मौसी वाली डायलॉग के साथ परजीवी कहा जो सहयोगियों पर आश्रित है।

मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं

प्रधानमंत्री ने कहा मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं क्योंकि लगातार झूठ का प्रसार करने के बाद भी उनकी पराजय हुई। प्रधानमंत्री ने आगे कहा देश की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का अवसर दिया है। देश की जनता की भारतीय जनता पार्टी के 10 वर्ष के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा। पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम है। उन्होंने कहा 'हमारा एक ही लक्ष्य रहा है कि 'भारत प्रथम'। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। इस विचार को सर्वोपरि रखते हुए हमने देश की सेवा करने का प्रण लिया है।'

तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण का विचार

हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं। पीएम मोदी ने कहा इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी। जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत की बात करते हैं तो ये सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय होता है। इस पर देश की जनता ने हमें तीसरी बार चुनकर मुहर लगा दी है।

पीएम ने की एनडीए सांसदों को ...

अपने दायरे से बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे। कांग्रेस के सबसे प्रमुख परिवार से बाहर से आए प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था, उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में यह सुनिश्चित किया कि उन सभी को मान्यता मिले क्योंकि प्रत्येक ने किसी न किसी तरह से देश के लिए योगदान दिया है।

एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों से वरिष्ठ सदस्यों से संसद की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में सीखने की अपील की। पीएम मोदी की यह अपील राहुल गांधी के लोकसभा में सोमवार को दिए भाषण के बाद सामने आई है, जिसे एनडीए ने सबसे गैर जिम्मेदाराना भाषण करार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा।

जब किरेन रिजिजू से पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के भाषण का जिक्र किया? तो इस पर रिजिजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा, लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है।

मेरे विचारों को हटाना...

बीजेपी ने क्या कहा? : केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण का अंश का कुछ हिस्से हटाने का अधिकार लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पास है।दरअसल, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के भाषण के कुछ अंश सोमवार (1 जुलाई, 2024) को हटा दिए गए हैं. हटाए गए अंश में हिंदुओं और कुछ दूसरे धर्मों पर उनकी टिप्पणियां शामिल हैं।

नीट यूजी री-टेस्ट में एक भी ...

जिन्होंने भी एग्जाम दिया था उनका रिजल्ट कुछ ऐसा रहा।

बता दें कि नीट यूजी री-टेस्ट उन 1563 कैंडिडेट्स के लिए फिर से आयोजित किया गया था, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए थे। इन ग्रेस मार्क्स की वजह से बहुत सारे कैंडिडेट्स टॉपर बन गए थे। इस मुद्दे पर छिड़ी बहस अभी भी नहीं थमी है।

इस बीच कैंडिडेट्स ने 67 बच्चों के टॉपर बनने पर सवाल उठाया और परीक्षा रद्द करने की मांग की। हालांकि एनटीए का कहना था कि ये मुद्दे केवल 1563 बच्चों का है, जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं नाकि परीक्षा में शामिल 24 लाख कैंडिडेट्स का। इस आशय के साथ इनके लिए फिर से परीक्षा आयोजित हुई और केवल 813 कैंडिडेट् ने री-टेस्ट दिया।

कैसे रहे नतीजे

अभी इन कैंडिडेट्स के अंक सामने नहीं आए हैं पर मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दोबारा परीक्षा देने वाले किसी भी टॉपर के इस बार 720 में 720 अंक नहीं आए हैं। री-टेस्ट में 813 कैंडिडेट्स शामिल हुए थे, इनमें से पांच ऐसे थे जिन्हें पहले के रिजल्ट में पूरे अंक मिले थे। हालांकि ऐसा बताया जा रहा है कि इस बार के रिजल्ट में इन पांच में से किसी के भी पूरे अंक नहीं आए हैं।

टॉपर्स की संख्या....

समय कम पडऩे के कारण ग्रेस मार्क्स दिए गए थे उनके लिए परीक्षा फिर से आयोजित हुई थी।

कुछ कैंडिडेट्स ने परीक्षा में शामिल होने का फैसला किया, जबकि कुछ ने ग्रेस मार्क्स हटाकर जो अंक मिले, उसी के साथ कॉन्टीन्यू किया। ये सुविधा सभी को दी गई थी कि वे चाहें तो ग्रेस मार्क्स हटाकर जो स्कोर बचे उसके साथ कॉन्टीन्यू करें या फिर से परीक्षा दे दें।

विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के

स्तर बढ़ाने के कार्य हों। जो भी कार्य हाथ में लें उसे पूरा जरूर करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेयजल योजनओं की मानिटरिंग करें। शिकायतों को जांच कर दूर करें। आयुष्मान योजना का लाभ हितग्राहियों को मिले। अपनी विधानसभा में स्वेच्छानुदान राशि से निऱ्शुल्क चश्में बांटने का काम हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक विधान सभा में पौध-रोपण का अभियान के अंतर्गत अधिकाधिक पौधे रोपने का कार्य हो। किसानों की आमदनी ब?ाने के लिए फसल चक्र सुधारना चाहिए, अधिक आय देने वाली फसलों को ब?ावा दें। दुग्ध उत्पादन के लिए डेयरी उद्योगों को ब?ावा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी त्यौहार रक्षाबंधन पर अभियान चला कर बहनों से राखी बंधवाएं। जन्माष्टमी पर भी जनता से जु? रहने के लिए लड्डू गोपाल बटवाएं। स्कूल आंगनबा?ी में जाएं। हॉस्पीटल और स्कूलों की मानिटरिंग कर देख लें कि कहीं भी अतिक्रमण न हो।

नेता प्रतिपक्ष बोले-सारंग

जांच कमेटी तय करेगी जिम्मेदारी ? शुक्ल

चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश पर रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनी है। यह तय करेगी कि घोटाले का जिम्मेदार कौन है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। ज्यादा मान्यता देना गुनाह नहीं है, बात यह है कि मान्यता सही होनी चाहिए।शुक्ल ने कहा कि 6 महीने के अंतराल में छात्रों के एग्जाम कराए जा रहे हैं। वर्ष 2025 तक एक लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स के एग्जाम करा लिए जाएंगे।

बड़ी संख्या में पहुंचे बीटीओए के सदस्यों ने दंतेवाड़ा विधायक और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, संस्था के चुनाव की मांग रखी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला स्थित एन एम् डी सी से लोह अयस्क के परिवहन हेतु संचालित बी टी ओ ए(बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन) ट्रक मालिकों की संस्था के सदस्य आज सैकड़ो की संख्या में विधायक निवास दंतेवाड़ा पहुंचे व विधायक चैतराम अटामी को ज्ञापन सौंपकर संस्था का चुनाव करवाने का मांग किये 7 विधायक चैतराम अटामी से चर्चा में सदस्यों ने वर्तमान संचालित कमिटी के कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई और बताया की बिना किसी निर्वाचन या आम चुनाव के जो भी बी टी ओ का संचालन कर रहा है उसे तत्काल प्रभाव से हटाकर विधिवत निर्वाचित कमिटी द्वारा चुनाव करवाया जाये 7 विधायक चैतराम अटामी ने सदस्यों की बात सुनी और सारे सदस्यों के साथ कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर मामले की विस्तृत जानकारी दी,बी टी ओ सदस्यों ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा और चर्चा उपरांत बी टी ओ के बायलॉज अनुसार ये निर्णय लिया गया है की बी टी ओ का जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाता संचालन पूर्व निर्वाचित कमिटी ही करेगी क्योकि उसके बाद किसी भी तरह का चुनाव बी टी ओ में नहीं हुआ है,और 17 जुलाई से पहले बी टी ओ की पूर्व निर्वाचित कमिटी चुनाव संपन्न करवाएगी जिसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में मौजूद बी टी ओ के सदस्य किरंदुल संस्था कार्यालय पहुंचे और बैठक आयोजित की जिसमे यह निर्णय लिया गया की 17 जुलाई से पूर्व चुनाव संपन्न कराया जायेगा और सचिव गौरांग साहा ने इसकी घोषणा की 7 लगातार बी टी ओ के सदस्यों द्वारा विधिवत चुनाव की मांग की जा रही थी कुछ चुनिंदा लोगो के तानाशाही से बी टी ओ संचालित हो रहा था जिसका विरोध सदस्यों द्वारा किया जा रहा था 7 विधायक चैतराम अटामी ने कहा की बी टी ओ ए के सदस्यों से आग्रह है की शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाइये और जो निर्वाचित हो वही संचालन करे,किसी भी तरह की तानाशाही,भर्राशाही,गुंडागर्दी जिससे अराजकता फैले और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा,जो भी माहौल ख़राब करने की कोशिश करता है उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी 7 बी टी ओ ट्रक संस्था है जिसमे 800 से अधिक सदस्य है और 1494 से अधिक गाड़िया है,इस संस्था का अपना बायलॉज है जिसके नियमानुसार वार्षिक चुनाव होते है और सदस्य संस्था के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व सह सचिव को चुनते है 7 बी टी ओ ए का आखरी चुनाव 2022 में विधिवत संपन्न हुआ था जिसमे चुनाव में ए अनिल को अध्यक्ष,गौरांग साहा को सचिव,आकाश गोयल व प्रकाश मंडल को उपाध्यक्ष,आशीष सिन्हा व लक्ष्मण को सह सचिव के पद पर जीत हासिल हई थी जिनके कार्यकाल संपन्न होने के पश्चात बी टी ओ में आम चुनाव होने थे परन्तु बिना चुनाव के ही कुछ सदस्य मनमानी तरीके से अपने आप को बी टी ओ के अधिकारी बताकर संचालित कर रहे थे । संस्था में 2022 में 800 से 900

न्यूज गैलरी

ब्रह्मभट्ट समाज का नियमित सम्मेलन कराने का निर्णय

रायपुर/नवप्रदेश। ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को पंडरी स्थिति शिवमंदिर में संपन्न हुई। जिसमें समाज को करोना काल के बाद आए गतिरोध को दूर कर पुनः सक्रिय करने और सम्मेलन कराने के लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि समाज के वयोवृद्ध सदस्य तथा छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा जी के स्वर्गवास के बाद और करोना काल में आई निष्क्रियता के चलते समाज की नियमित बैठके बंद थी। उसे फिर से नियमित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ,समाज के वरिष्ठ सदस्य भवानी शंकर शर्मा, अध्यक्ष राजकिशोर भट्ट, नितिन शर्मा, राजेश शर्मा, अशोक भट्ट धमतरी, रमेशचंद्र शर्मा, एचएल ब्रह्मभट्ट, विनोद कुमार शर्मा, डॉ. ज्योति भट्ट, अमित शर्मा, संतोष कुमार शर्मा, रविकांत शर्मा व प्रमोद ब्रह्मभट्ट उपस्थित रहे।

मॉडल ब्लड बैंक रायपुर और निरंकारी मंडल ने लगाया रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं निरंकारी मंडल राजिम द्वारा सिंधी धर्मशाला, गंज रोड, गोबरा नवापारा, राजिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदाताओं ने 77 यूनिट रक्तदान किया। निरंकारी मंडल की तरफसे कैंप का कार्यभार श्री गुरबक्श कालरा ने और मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफसे डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला। मॉडल ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. विजय कापसे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर के रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. अमित, डॉ. रूपेश, डॉ. रितिक, डॉ. रुद्र, मनोज, झूल सिंह, भूमिका, शोभाराम, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, करिश्मा भावना और मुकेश शामिल थे।

झेरिया यादव समाज की बैठक में हुआ आदर्श विवाह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रबंधकरणीय एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक विगत दिन प्रधान कार्यालय महादेव घाट रायपुरा में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव विशेष अतिथि संरक्षण सुकालू राम यदु ,जगत राम यादव, व प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ के सानिध्य में संपन्न हुई। प्रदेश सचिव सुन्दर लाल यादव बैठक का संचालन किया शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण जी की पूजा अर्चना की गई बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार 21 जुलाई को जांजगीर चांपा में आम सभा प्रदेश अध्यक्ष की विरुद्ध दुस्पाचार करने वाले अन्य संगठन एवं व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सामाजिक नियमावली में आंशिक संशोधित एवं एक जोड़ा का आदर्श युवा संपन्न हुआ इस मौके पर शत्रुघन यादव,प्रीतम यादव, बैसाखू राम यादव घुरऊ यादव, नरेश यादव, मतवारी यादव ,परदेसी यादव सहित बड़ी संख्या में यादव बंधु महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए प्रेस विज्ञप्ति में सुन्दर लाल यादव प्रदेश सचिव ने जानकारी दी।

बाइक से टकराया तो युवकों ने कार चालक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। कार से बाइक टकरा जाने पर चार युवकों ने कार चालक से मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी रिषभ कटारिया 35 वर्ष टैगोरनगर कोतवाली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी कार से कहीं जा रहा था, तभी बाइक टकरा गया। जिससे आरोपी मोख राय, राजदीप वालिया, संजू भारती व अन्य ने एक राय होकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

मिशन मोड में कार्य करके छग होगा कुपोषण मुक्त

- अधिकारियों को आंगनबाड़ी की सतत निरीक्षण करने के दिए निर्देश
- महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मंत्रालय महानदी भवन में महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को हर हाल में कुपोषण मुक्त बनाना है।

राजवाड़े ने अधिकारियों को प्रत्येक आंगनबाड़ी की सतत औचक निरीक्षण करने के निर्देशित की। उन्होंने हितग्राहियों को दिए जा रहे पोषण-आहार एवं अन्य सुविधाओं की नियमित जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, संचालक सुश्री तूलिका प्रजापति सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं को धरातल में कारगर ढ़ंग से सुलभ कराने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी क्षेत्र की महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें।

इस दिशा में सेवाओं को परिणामदायी बनाने हेतु जनजागरूकता लाने सहित सेवाओं की गुणवत्ता एवं सेवाओं के विस्तार के लिए प्रभावी पहल किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, रेडी-टू-ईट, नोनी सुरक्षा योजना, शुचिता योजना, बाल सन्दर्भ योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले। उन्होंने महतारी वंदन योजना की सभी पात्र हितग्राहियों के बैंक खाते को आधार कार्ड के लिंक्ड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती, शिशुवती माताओं, बच्चों और किशोरी बालिकाओं का नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और वजन लेने कहा।

वहीं स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा, पूरक पोषण आहार तथा पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा को परिणाममूलक बनाने के लिए संवेदनशीलता के साथ दायित्व निर्वहन किये जाने के निर्देश दिए। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सही लाभार्थी को लाभ मिले इस बात की पारदर्शिता रखें। आवेदन प्राप्त कर अधिकारी उसका सत्यापन करें ताकि वास्तविक व्यक्ति को लाभ मिले।

मंत्री ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए नियमित रूप से शत-प्रतिशत बिस्तरों के अनुरूप भर्ती करने कहा। इस हेतु प्रत्येक 15 दिवस में भर्ती करने के लिए कुपोषित बच्चों का रोस्टर तैयार कर लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनांतर्गत निर्धन जरूरतमन्द महिलाओं को लाभान्वित कर योजना के उद्देश्य की सार्थकता साबित करने कहा। वहीं मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों को नियमित स्कूल या ओपन स्कूल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने एवं उन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति, संचालित एवं प्रगतिरत भवनों की समीक्षा की।

डॉक्टरों ने गीत-संगीत से बांधा समां

- चिकित्सा महाविद्यालय में डॉक्टर्स डे पर रंगारंग प्रस्तुति

रायपुर/ नवप्रदेश। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर छत्तीसगढ़ मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा डॉक्टर्स डे म्युजिकल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के डॉक्टरों ने कराओके संगीत के साथ गायन और नृत्य का प्रदर्शन किया। चिकित्सा महाविद्यालय स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में डॉक्टरों ने एकल गायन एवं समूह गायन के माध्यम से सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर इस दिन को यादगार बनाया। इसके साथ ही एकल नृत्य एवं समूह नृत्य के माध्यम से अपनी नृत्य प्रतिभा का परिचय दिया। डॉक्टरों के उत्साह वर्धन के लिए सरप्राइज गिफ्ट, लक्की ड्रॉ और केक कटिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के 61 वर्ष के इतिहास में पहली बार इस तरह का संगीतमय मनोरंजक कार्यक्रम चिकित्सकों का, चिकित्सकों द्वारा चिकित्सकों के लिये आयोजित किया गया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल के मार्गदर्शन में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा डॉक्टरों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में एकल गायन में डॉ. अरविन्द नेरल ने (भंवरे की गुंजन), डॉ. वर्षा मुंगुटवार (अब तो है तुमसे), डॉ. विभा पात्रे (आपके प्यार में हम), डॉ. आकाश लालवानी (दिल का आलम) आदि प्रस्तुति दी।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने हुआ विचार मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को पूरे देश में पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने तथा राज्य की संस्कृति को संरक्षित करने आज राज्य नीति आयोग में गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट 2047 तैयार करने के लिए वर्किंग ग्रुप के सदस्यों ने अपने विचार रखे। अटल नगर, नया रायपुर स्थित राज्य नीति आयोग के सभाकक्ष में समिति के सदस्यों ने इस विषय पर लघु, मध्यम एवं दीर्घकालिक लक्ष्यों पर सुझाव दिए।

बैठक में सदस्यों ने राज्य के पर्यटन स्थलों में अधोसंरचना विकास के लिए तथा पर्यटन की आवश्यकताओं के अनुसार नई योजना बनाने, नए पर्यटन सूचना केन्द्र स्थापित करने, ट्राइबल टूरिज्म सर्किट, ट्राइबल थीम को लेते हुए टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास करने पर विस्तृत चर्चा की। इसी प्रकार पर्यटन स्थलों में एडवेंचर गतिविधियों के विकास तथा निजी निवेशकों को आमंत्रित करने, बस्तर दशहरा, भोरमदेव महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, लोक मड़ई मेलों के आयोजन सहित अन्य स्थानीय महोत्सवों को बढ़ावा देने विचार विमर्श किया गया। इसी तरह हस्तशिल्पियों को आकर्षक बाजार उपलब्ध कराने, संगीत और नृत्य के कलाकारों को राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करने, स्थानीय तीज-त्योहारों, स्थानीय साहित्य, लोक कथाओं और ज्ञान को संरक्षित करने पर गहन विचार किया गया। स्थानीय खान-पान और तकनीकों के संरक्षण तथा नवाचार के लिए प्रोत्साहन, रचनात्मकता और कला कौशल के विकास सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

संसद में संतोष पांडे ने पूछा सवाल- जो जम्मू कश्मीर में बम फोड़ते रहे वो किस समाज के हैं

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद संतोष पांडेय ने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहे जाने पर राहुल गांधी पर मंगलवार को लोकसभा में जमकर हमला बोला।

श्री पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवाल किया कि हिन्दुस्तान में हिंसा कौन फैला रहा है? राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिन्दू समाज को हिंसक कहा था। श्री पांडेय ने राहुल गांधी के कथन पर कड़ी आपत्ति जताई। भाजपा सांसद श्री पांडेय ने मंगलवार को चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जो शुरुआत की है, हिंदुत्व और हिंदू को लेकर तथा भाजपा के लोगों को जो हिंसक कहा है, उस परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी कुछ प्रश्न के जवाब दें। क्या हिंदू हिंसक हो रहा है? क्या भाजपा हिंसा की बात करती है? हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा है? हिंदू समाज कितना हिंसक हुआ है? कितना हिंसक यह तथाकथित शांतिप्रिय समाज है, यह पूरा भारत जानता है। क्या कर्नाटक में प्रवीण नेतारु की हत्या हिंदू समाज की भीड़ ने की थी? क्या राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या गला रेत करके हिंदू समाज ने की थी? क्या यह हिंदू समाज है, जो अलग-अलग जगह पर हंगामा खड़ा कर रहा है? जिस तरीके की हत्याएँ पूरे हिंदुस्तान के अंदर हो रही हैं, उसकी चर्चा करते हुए श्री पांडेय ने राहुल गांधी से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में बम विस्फोट करने वाला किस समाज का है? जम्मू कश्मीर में हमला करने वाले वह किस समाज से आते हैं? फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे चिल्ला-चिल्लाकर लगाने वाले किस समाज के हैं? संसद में चिल्ला चिल्लाकर राहुल गांधी ने जिस प्रकार की बातें कही है, यहां की परंपराओं को तोड़ने की कोशिश की है मर्यादाओं को तार-तार करने की कोशिश की है किंतु यह हमारी उच्च परंपरा रही है और राहुल गांधी सदन की परंपरा भंग करने. सफल नहीं हो पाएंगे।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के नामांकन के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 तक

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए शिक्षकों से आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किए गए है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा समस्त संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग एवं समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए शिक्षको को स्वयं समस्त प्रविष्टयां ऑनलाईन पोर्टल https:// nationalaward stoteachers. education. gov. in/ के माध्यम से करनी होगी। पंजीयन की तिथि 23 जून से 15 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए राज्य एवं केन्द्र शासन से मान्यता प्राप्त विद्यालयों (प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) के शिक्षक पात्र होंगे।

स्यादवाद और अनेकांतवाद को समझ लिया तो पूरा जीवन समझ में आ जाएगा : श्री विरागमुनिजी

रायपुर/नवप्रदेश। जैन दादाबाड़ी में 15 जुलाई को जैन संत विरागमुनि का भव्य प्रवेश होगा। वहीं, मुनिजी का रायपुर प्रवेश हो चुका है और जिनवाणी की वर्षा करते हुए श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में सोमवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी के श्रीमुख से चौबे कॉलोनी स्थित पार्श्वनाथ जिनालय में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आज हमें जीवन का कल्याण करना है। उसके लिए हमें कल्याण मित्र चुना है जो कि एक बहुत ही मुश्किल कार्य है। आज तो कल्याण मित्र उसे माना जाता है जो आपकी हां में हां मिलाए, जो आपका विरोध करता है या जिससे आपका वैचारिक मतभेद होता है वह तो आपका दुश्मन हो जाता है। मित्र मंडल की बात तो बहुत दूर की है आज तो घर में ही पिता अपने बच्चों के कल्याण के लिए उन्हें नहीं कह सकता कहीं भी तो कैसे पिता भी अपने मोबाइल में व्यस्त हैं और बच्चा भी यहां तक तो दादाजी भी मोबाइल में मस्त होते हैं। अब बच्चे को रोके तो रोक कैसे, वह तो वापस पलट कर बोल सकता है कि आप भी तो दिन भर मोबाइल चलाते हो, तो मुझे क्यों मना कर रहे हो। वैसे भी आज आप दुनियाभर में घुम रहे हो, फिर ऐसा क्या बच जाता है जो आपको रात में मोबाइल देखने की आवश्यकता पड़ जाती है। मुनिजी ने आगे कहा कि आज कल्याण मित्र आपको बहुत कम मिलेंगे। सलाह देने के लिए दुनियाभर के लोग सामने आ जाएंगे। और जब आप किसी से सहायता

आइसक्रीम स्टीक्स से बच्चों ने बनाए अल्फाबेट्स व फोटो फ्रेम

रायपुर/नवप्रदेश। घर हो या स्कूल, बच्चों का मन खेलकूद में ज्यादा लगता है, पढ़ाई ज्यादातर बच्चों में ऊब पैदा करती है। ऐसे में आजकल स्कूलों में बच्चों को विविध एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाई कराई जाती है, ताकि बच्चे खेल-खेल में बहुत कुछ सीख सके। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बच्चों को शनिवार को नो स्टडी ओनली एक्टिविटी की तर्ज पर कई गतिविधियां कराई गई। शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने बताया कि प्री प्राइमरी के बच्चों में काग्निटिव स्किल (संज्ञानात्मक कौशल) बढ़ाने के लिए कई एक्टिविटी कराई गई। बच्चों ने जिगजैग लाइन और कर्व लाइन में चलना सीखा। वहीं आइसक्रीम की स्टीक से बच्चों ने अल्फाबेट बनाए। वहीं कुछ बच्चों ने इन्हीं स्टीक से शेप्स और फोटो फेम भी तैयार किया। यह एक्टिविटी नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों को अलग-अलग कराई गई। प्री प्राइमरी कक्षाओं की शिक्षिका सुरेखा नायक, शिखा शर्मा, भारती सहगल ने बच्चों को योग कराया। अपर्णा आठले, सुदेवी विश्वास ने बच्चों से विविध एक्टिविटी कराई। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि एक दिन बच्चों की एक्टिविटी के लिए रखा गया है, ताकि मनोरंजन के साथ बच्चों की हम पढ़ा सके।

श्री मेडिशाईन हास्पिटल ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ किया 13 वर्ष पूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के मरीजों को अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये अन्य महानगरों के हॉस्पिटल में जाना पड़ता था। यह खर्चीला व असुविधाजनक था। इस समस्या को दूर करने, सेवा व समर्पण के भाव से श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल की शुरूआत की गई जो आज अपनी चिकित्सा सेवा के 13 वर्ष पूर्ण कर पूरे राज्य व आस-पास के अन्य स्थानों को अपने विशेषज्ञ डाक्टर्स व अत्याधुनिक सेवाओं का लाभ मरीजों को दे रहा है। पिछले 13 वर्षों में श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल की उपलब्धियों की यात्रा एक गौरवशाली गाथा है।

13 वर्ष सेवा समपर्ण के उपलक्ष्य में सभी विभागों व्दारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अस्पताल परिसर में किया गया है, जिसमें रोज स्वास्थ्य संबंधित लाभ लेने के लिये सैकड़ो लोग अस्पताल में पहुंच रहे है। अस्पताल के डायरेक्टर एवं आर्थोपेडिक एवं ज्वाईंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. सुशील शर्मा ने हास्पिटल की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में बतलाया कि श्री मेडिशाईन हास्पिटल की शुरूआत सेवा और समर्पण की भावना के साथ, 3 जूलाई 2011 को की गई थी। शुरूआत से अब तक निरंतर प्रगति और जरूरतों के मुताबिक नई व आधुनिक चिकित्सा सुविधायें हास्पिटल में उपलब्ध की जाती रही है। छत्तीसगढ का सर्वप्रथम कम्प्युटर नेवीगेशन मशीन एवं हायपरबेटिक आक्सीजन थेरेपी स्थापित किया गया है।

राहुल गांधी का बयान हिन्दू विरोधी नहीं, भाजपा की हिटलरशाही का विरोध है : भूपेश

- सदन में मुझे जिसने बदनाम करने की कोशिश की उसके खिलाफदायर करूंगा मुकदमा

रायपुर/नवप्रदेश। संसद भवन में दिए गए राहुल गाँधी के विवादित बयान का समर्थन करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुखयमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को राजीव भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल गाँधी ने हिंदू को हिंसक नहीं बताया है। उनके खिलाफ भाजपाई दुष्प्रचार कर रहे हैं। दरअसल, भाजपा और आरएसएस का इतिहास हिंसा और डराने का रहा है।

कांग्रेस ने हमेशा सर्वधर्म, अहिंसा और भाईचारा की बात की है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेसवार्ता में भाजपा पर आरोप लगते हुए कहा कि भाजपा और संघ का राष्ट्रवाद भारतीय परम्परा का नहीं है बल्कि भाजपा का राष्ट्रवाद मुसोलिनी और हिटलर का राष्ट्रवाद है। हमारा राष्ट्रवाद गांधीजी और संतों का दिखाया राष्ट्रवाद है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सत्ता विरोधियों को दबाने का प्रयास करती रही है। मोदी सरकार आज नीट के मामले में मौन है, और इस पर चर्चा नहीं करना चाहती।

पहली बार बैकफुट पर भाजपा

भूपेश बघेल ने कहा कि पहली बार संसद में भाजपा की सरकार बैकफुट पर आई है और हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व भाजपा नहीं करती है। भाजपा का रास्ता षड्यंत्र, हिंसा, नफरत का रास्ता है। यह रास्ता देश की जनता का हो ही नहीं सकता है। भाजपा राहुल गांधी के बयान को गलत ढंग से पेश कर रही है।

सांसद संतोष पांडे के खिलाफ करूंगा मुकदमा

पूर्व सीएम बघेल ने मंगलवार को संसद भवन दिल्ली में दिए गए राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे के बयान की शिकायत लोकसभा के अध्यक्ष से पत्र लिख कर करने की बात कही है है। साथ ही बघेल ने सांसद पांडे के खिलाफ मुकदमा दायर करने की चेतावनी भी दी है। दरअसल भाजपा सांसद संतोष पांडे ने सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया था कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को सदन में अपने भाषण के दौरान बार-बार भगवान शिव की तस्वीर दिखा रहे थे, उनको बताना चाहता हूं कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री, जो कांग्रेस के नेता हैं, ''महादेव के नाम पर सट्टा चला रहे थे''. इसके चलते भगवान शंकर का नाम व छत्तीसगढ़ बदनाम हुआ है। इस पर राहुल गांधी जवाब दें।

स्टेट इंस्पायर मानक साइंस कंपिटिशन में संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा वर्षा हुई शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूली बच्चों में रचनात्मकता और नवीन सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार सतत् प्रयत्नशील है। ऐसे ही प्रयत्न के अंतर्गत विज्ञान और सामाजिक अनुप्रयोगों में निहित 10 लाख नवाचारों को लक्षित करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर मानक साइंस काम्पीटिशन के राज्य स्तरीय स्पर्धा में संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया।

बताते चलें कि वर्षा के साइंस मॉडल का चयन 236 छात्रों के बनाए मॉडल में से किया गया है। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चलाए जा रहे इंस्पायर मानक साइंस ऑनलाइन काम्पीटिशन में शिक्षिका रीता सांभरकर के मार्गदर्शन में संत ज्ञानेश्वर स्कूल से दो बच्चों द्वारा बनाए माडल को सबमिट किया था। प्यूफिकेशन ऑफद एयर का मॉडल छात्रा नुपूर जैन ने बनाया। नुपूर के मॉडल को सभी ने सराहा। वहीं दूसरा मॉडल 10वीं की छात्रा वर्षा प्रियदर्शनी परिडा ने 'आटोमैटिक टेक वॉर फ्राम वेल' बनाया। राजधानी के विभिन्न स्कूलों से 236 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय ऑनलाइन स्पर्धा में शिरकत की। इसमें 14 बच्चों को चयन राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया। बता दें कि 14 माडल में 13 सरकारी स्कूल के बच्चों के मॉडल है, और एक मॉडल महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर स्कूल की छात्रा की ओर से बनाया गया है।

हिंडनबर्ग ने कोटक के फंड से अदाणी के शेयरों में शॉर्ट सेलिंग कर कमाया मुनाफा

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने आरोप लगाया है कि विदेशी पोर्टफ़ोलियो निवेशक किंगडन कैपिटल मैनेजमेंट एलएलसी और उससे जुड़ी एन्टिटीज़ ने हिंडनबर्ग के साथ मिलीभगत कर भारतीय डेरिवेटिव बाज़ार में अदाणी एंटरप्राइज़ेज़ फ्यूचर्स में कारोबार करने में सहयोग किया, और मुनाफ़ा बांटा.

एसईबीआई की जांच के मुताबिक, हिंडनबर्ग ने शॉर्ट पोज़ीशन बनाने के लिए नॉन-पब्लिक सूचनाओं की पहले से जानकारी होने का फ़ायदा उठाया और योजना में मार्क किंगडन और उनकी संस्थाओं के साथ मिलीभगत की.

एसईबीआई की जांच के अनुसार, योजना में ड्राफ़्ट रिपोर्ट साझा करना, किंगडन को ट्रेडिंग खाते खोलने देना, कम फ़ायदे बांटने पर राज़ी हो जाना, एफपीओ के समय पूर्व-नियोजित तरीके से रिपोर्ट प्रकाशित करना, भारतीय प्रतिभूति बाज़ार के साथ कोई जुड़ाव नहीं होने का दावा करना, शॉर्ट सेल प्रॉफ़िट के लिए स्क्वेयरऑफ़ करना और अदाणी शेयरों में कारोबार के लिए इंडिया फ़ंड की स्थापना करना शामिल था.

हिंडनबर्ग से ड्राफ़्ट रिपोर्ट साझा करने के लिए किंगडन ने किया था समझौता: एसईबीआई ने आरोप लगाया है कि 24 जनवरी, 2023 को आधिकारिक तौर पर जारी किए जाने से पहले ही किंगडन ने ड्राफ़्ट रिपोर्ट साझा करने के लिए हिंडनबर्ग रिसर्च एलएलसी के साथ कानूनी समझौता किया था. एसईबीआई ने अदाणी एंटरप्राइज़ेज़ के शेयरों में कारोबार उल्लंघनों के लिए हिंडनबर्ग रिसर्च एलएलसी और उसके एकमात्र मालिक नाथन एंडरसन के साथ-साथ मॉरीशस स्थित संस्थाओं के मालिक मार्क किंगडन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. बाज़ार नियामक का आरोप है कि हिंडनबर्ग और एंडरसन ने एसईबीई अधिनियम, एसईबीआई के प्रिवेंशन ऑफ़ फ़्रॉड्यूलेंट एंड अनफ़ेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज़ रेग्युलेशन्स तथा एसईबीआई के कोड ऑफ़ कन्डक्ट फ़ॉर फ़ॉरेन पोर्टफ़ोलियो इन्वेस्टर्स के तहत नियमों का उल्लंघन किया है.

एफपीआई किंगडन ने भी कथित तौर पर SEBI अधिनियम, SEBI के प्रिवेंशन ऑफ़ फ़्रॉड्यूलेंट एंड अनफ़ेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज़ रेग्युलेशन्स तथा SEBI के कोड ऑफ़ कन्डक्ट फ़ॉर फ़ॉरेन पोर्टफ़ोलियो इन्वेस्टर्स का उल्लंघन किया है.

SEBI की जांच से पता चला कि के-इंडिया अपॉर्चुनिटीज़ फ़ंड - क्लास एफ ने एक ट्रेडिंग खाता खोला और रिपोर्ट जारी होने से पहले अदाणी एंटरप्राइज़ेज़ के शेयरों में कारोबार करना शुरू कर दिया और फरवरी में 22.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर या 183.24 करोड़ का लाभ कमाते हुए सारी पोज़ीशनों को स्क्वेयर ऑफ़ कर दिया. इस फ़ंड ने ह्रस्व पर केवल अदाणी एंटरप्राइज़ेज़ के शेयरों में कारोबार किया.

हिंडनबर्ग ने कहा, ऑफ़शोर फ़ंड कोटक महिन्द्रा ने बनाया: अब हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में आरोप लगाया है कि कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने अदाणी के खिलाफ दांव लगाने के लिए किंगडन द्वारा इस्तेमाल किए गए ऑफ़शोर फ़ंड संरचना का गठन तथा देखरेख की थी. बाज़ार नियामक ने अपने कारण बताओ नोटिस में कहा कि कोटक ने 5 जनवरी, 2023 को केएमआईएल और किंगडन कैपिटल के बीच निवेश सलाहकार समझौता किया, जिसमें ट्रेडिंग खाता बनाने की जल्दबाज़ी दिखाई गई।

हिंडनबर्ग को एसईबीआई का नोटिस, सुप्रीम कोर्ट भी लगा चुका है शॉर्टसेलर को फटकार

नई दिल्ली। अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों के ज़रिये मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से पिछले साल जनवरी में भ्रामक रिपोर्ट जारी करने को लेकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग रिसर्च के साथ-साथ नाथन एंडरसन और मॉरीशस स्थित एफपीआई मार्क किंगडन को Show Cause Notice जारी किया है. SEBI के मुताबिक, हिंडनबर्ग रिसर्च और FPI ने भ्रामक डिस्क्लेमर जारी कर कहा था कि उनकी रिपोर्ट सिर्फ़ भारत के बाहर कारोबार करने वाली सिक्योरिटीज़ के वैल्यूएशन के लिए थी, लेकिन रिपोर्ट साफ़-साफ़ भारत में लिस्टेड कंपनियों से जुड़ी थी.इससे पहले, हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर एक्सपर्ट कमेटी और SEBI द्वारा कई महीनों तक की गई जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट भी इसी साल जनवरी में अदाणी ग्रुप को मिली क्लीन चिट पर मुहर लगा चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा था कि SEBI की जांच नियमों के तहत की गई है, और उसमें कतई कोई खामी नहीं, इसलिए इस मामले की जांच SIT से करवाने का औचित्य नहीं बचा है.

भारतीय मूल के अमेरिकी अरबपति को 8300 करोड़ की धोखाधड़ी के लिए साढ़े सात साल की सजा

नई दिल्ली। अमेरिका की एक अदालत ने आउटकम हेल्थ के पूर्व अरबपति को-फाउंडर और भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी ऋषि शाह को साढ़े सात साल जेल की सजा सुनाई है। शाह और उनके करीबियों पर 8,300 करोड़ यानी करीब एक अरब डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। उनकी इस धोखाधड़ी ने गोल्डमैन सैक्स ग्रुप, गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट और इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर की उद्यम पूंजी फर्म जैसे हाई-प्रोफाइल निवेशकों को हिलाकर रख दिया। अमेरिकी जिला न्यायाधीश थॉमस डर्किन ने अपने फैसले में इसे इतिहास के सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामलों में से एक बताया।

इसे इतिहास के सबसे बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामलों में से एक बताया गया

शिकागो स्थित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप कंपनी के पूर्व अधिकारियों और भारतीय मूल के दो लोगों को कंपनी के ग्राहकों, ऋणदाताओं और निवेशकों को कथित रूप से लक्षित करने वाली धोखाधड़ी योजना में शामिल होने के आरोप में सजा सुनाई गई। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, धोखाधड़ी से प्राप्त धन में लगभग 1 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 8300 करोड़ रुपये) शामिल हैं। आरोपियों की पहचान आउटकम के सह-संस्थापक और पूर्व सीईओ 38 वर्षीय ऋषि शाह और आउटकम की सह-संस्थापक और पूर्व अध्यक्ष 38 वर्षीय श्रद्धा अग्रवाल के रूप में की गई है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, आउटकम हेल्थ अपने विश्वविद्यालय के दिनों में शाह के दिमाग की उपज थी। इस कंपनी को मूल रूप से कॉन्टेक्स्ट मीडिया हेल्थ के रूप में जाना जाता है, कंपनी की स्थापना 2006 में रोगियों पर लक्षित स्वास्थ्य विज्ञापनों को स्ट्रीम करने के लिए डॉक्टरों के कार्यालयों में टीवी स्थापित करने के माध्यम से चिकित्सा विज्ञापन को नया रूप देने के लिए की गई थी।

'नेक्स्ट्रा बाय हुई एयरटेल' 'आरई100' में शामिल

गुरुग्राम। भारत की अग्रणी डेटा सेंटर कंपनियों में से एक, 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल', 'आरई100' पहल में शामिल हो गई है - जो कार्बन डिस्क्लोज़र प्रोजेक्ट (सीडीपी) के साथ साझेदारी में क्लाइमेट ग्रुप के नेतृत्व वाली एक प्रमुख वैश्विक पहल है – और इसने बिजली की 100त्न आपूर्ति नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा डेटा केंद्र कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध है

इसके साथ, नेक्स्ट्रा भारत का एकमात्र डेटा सेंटर संगठन बन गया है, जिसने 'आरई100' के समक्ष पर्यावरणीय सस्टेनिबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने का लक्ष्य प्राप्त करने का वचन दिया, और 'आरई100' को ऐसा वचन देने वाली 14वीं भारतीय कंपनी बनने की उपलब्धि हासिल की है।

कंपनी ने अपने कार्य संचालनों में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाए जाने में काफी वृद्धि की है और अब तक 422,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा के लिए अनुबंध किया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, नेक्स्ट्रा ने पावर परचेज एग्रीमेंट्स और कैप्टिव सोलर रूफ्टॉप प्लांट्स के माध्यम से नवीकरणीय स्रोतों से ऊर्जा की आपूर्ति प्राप्त करके 9 156,595 tCOwe उत्सर्जन करने से खुद को बचाया। 'नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल' ने कहा, हम पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार ब्रांड हैं और स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को तेजी से अपना रहे हैं। हम 2031 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में नेट-जीरो बनने के लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में मजबूत कदम उठाते हुए आगे बढ़ रहे हैं ।

शेयर बाजार ने फिर बनाया नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स 300 अंक उछला निफ्टी पहली बार 24,200 के पार

नई दिल्ली। आज यानी 2 जुलाई को भारतीय शेयर बाजार ने धमाकेदार शुरुआत की. प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी ने नई ऊंचाइयां छू ली हैं. पहली बार निफ्टी 24,200 के पार पहुंच गया. आज सुबह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 364.18 अंक यानी 0.46त्न की बढ़त के साथ 79,840.37 पर खुला है. यह सेंसेक्स का रिकॉर्ड हाई लेवल है. इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 86.80 अंक यानी 0.36त्न ऊपर चढ़कर 24,228.75 पर पहुंच गया है, जो निफ्टी के लिए एक रिकॉर्ड हाई है. आज आईटी शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है. इसके अलावा ऑटो और हेल्थकेयर इंडेक्स नुकसान में हैं. बीएसई लिस्टेड शेयरों में विप्रो, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स रहे.

सरकार ने छोटी बचत योजना में जमा राशि पर ब्याज दरों में वृद्धि से किया इंकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बजट से पहले उन लोगों को झटका दे दिया है, जो केंद्र सरकार की 'स्मॉल सेविंग स्कीम' यानी लघु बचत योजनाओं में राशि जमा कराते हैं।

इन लोगों को उम्मीद थी कि केंद्र की नई सरकार, लघु बचत योजनाओं में जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज की दरों में बढ़ोतरी करेगी। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि पहली जुलाई से 30 सितंबर तक की अवधि के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 'पीपीएफ' पर 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा, तो वहीं सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। 'स्मॉल सेविंग स्कीम' में पैसा जमा कराने वाले लोगों को पहली जुलाई से 30 सितंबर के बीच कितना ब्याज मिलेगा, सरकार ने यह घोषणा कर दी है। इन योजनाओं में पीपीएफ, सुकन्या, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट और किसान विकास पत्र जैसी योजनाएं शामिल हैं। पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 फीसदी ब्याज मिलता रहेगा। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर जो ब्याज मिलता है, उसकी दरों में बदलाव नहीं किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले सप्ताह ही लघु बचत योजनाओं पर मिलने वाले ब्याज की दरों की घोषणा की गई है। पोस्ट ऑफिस सेविंग स्कीम पर एक जुलाई से 30 सितंबर तक 4.0 फीसदी ब्याज दर रहेगी। अगर एक वर्ष के लिए राशि जमा की गई है।

अमेजन इंडिया 20 और 21 जुलाई को लेकर आ रहा है अपना बहुप्रतीक्षित प्राइम डे सेल

नई दिल्ली। प्राइम मेंबर्स बड़ी बचत, शानदार डील्स, प्रमुख ब्रांड्स और स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस के नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अन्य के साथ आनंद उठाने के लिए रहें तैयार! ज़ न्यू लॉन्चः 450 से ज्यादा शीर्ष भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स जैसे इंटेल, सैमसंग, वनप्लस, हॉनर, आईक्यूओओ, बजाज एग्रो, ईकोवैक्स, लावा, क्रॉम्प्टन, सोनी, मोटोरोला, बोट, वीयू, फायरबोल्ट, एचपी, आसुस, टाइटन, हिसेंस, ट्राइडेंट, एसर, लेनोवो, अमेरिकन टूरिस्टर, प्लानटेक्स, वनप्लस, एथॉस ग्रुप, वोल्टास, फॉसिल, मोकोबारा, लैपो, चेतक, बोरोसिल, रिवरसॉफ्ट, याले, एडिडास, क्रॉक्स, मामाअर्थ, आईएफब्री, गोदरेज, एलजी, प्यूमा, सीपी प्लस, ओले, हिट, हायर, टाइटन, उगाओ, ओरल बी, तोशीबा, नॉटिका, एचयूएल, आईटीसी, पीएंडजी, हिमालया आदि की ओर से हजारों नए उत्पादों की पेशकश।

खेल, मनोरंजन

जिम्बाब्वे दौरे के लिए वीवीएस लक्ष्मण के साथ रवाना हुई टीम इंडिया

नई दिल्ली। वीवीएस लक्ष्मण की अगुवाई में भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हो गई है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय खिलाड़ियों की कुछ तस्वीरें साझा की है जिसमें वीवीएस लक्ष्मण, रियान पराग समेत कई अन्य खिलाड़ी नजर आ रहे हैं. बता दें, भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी. बता दें, क्योंकि अधिकतर सीनियर खिलाड़ी टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा हैं, ऐसे में युवा खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम में जगह दी गई है. इस टीम का कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है.

अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित हुए टी20 विश्व कप के बीच ही भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था. इस टीम में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जगह दी हई थी. युवा खिलाड़ियों से सजी इस टीम का कप्तान शुभमन गिल को बनाया था. अभिषेक शर्मा, रियान पराग, तुषार देशपांडे को पहली बार भारतीय टीम का कॉल-अप मिला है. इस टीम में पहले नीतीश रेड्डी का भी नाम था, लेकिन वो चोटिल होने के चलते टीम से बाहर हो गए और उन्हें टीम में शिवम दुबे ने रिप्लेस किया है.

जिम्बाब्वे सीरीज के लिए भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे , शिवम दुबे.

ऐसा है शेड्यूल

भारत और जिम्बाब्वे के पीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 6 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाना है. इसके बाद सीरीज का दूसरा मुकाबला 7 जुलाई को होगा. जबकि तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 10 जुलाई को होगा.वहीं 13 जुलाई को चौथा मैच खेला जाएगा. जबकि 14 जुलाई को इस सीरीज का पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा. बता दें, पहले मैच की तरह ही हरारे स्पोर्ट्स क्लब में सीरीज के बाकी के मैच होंगे. भारतीय समयानुसार इस सीरीज के सभी मुकाबले शाम 4ः30 बजे खेले जाएंगे.

विदेशी कलाकारों के साथ गाना गा चुके हैं गायक सोनू निगम से लेकर दिलजीत तक

भारतीय गीत हमेशा से ही दुनियाभर के श्रोताओं द्वारा सराहे जाते हैं। पुराने जमाने से लेकर नए जमाने तक के कई गीत ऐसे हैं, जिन्हें दुनिया के अलग-अलग कोने में रहने वाले लोगों द्वारा गाया जाता है। कई भारतीय गायक तो ऐसे भी हैं, जो विदेशी गायकों के साथ भी काम कर चुके हैं। इनमें दिलजीत दोसांझ, किंग, सोनू निगम और अरमान मलिक शामिल हैं। इन सभी ने विदेशी कलाकारों के साथ काम करके अलग-अलग संस्कृति के लोगों से भारतीय संगीत का परिचय कराया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगीत के क्षेत्र में नाम भी कमाया।

दिलजीत दोसांझ

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ आज संगीत की दुनिया का बड़ा नाम हैं। वो अब दुनिया के अलग-अलग शहरों में लाइव परफॉर्म करते हैं। अपने गीतों के अलावा वो अभिनय को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में, उनकी फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 रिलीज हुई है। इससे पहले वो क्रू में नजर आए थे। दिलजीत दोसांझ कोलंबियाई गायक कैमिलो के साथ पलपिता नाम से एक गाना गा चुके हैं। यह गाना पंजाबी और स्पेनिश संस्कृति का एक मिश्रण है, जिसमें कैमिलो स्पेनिश और दिलजीत पंजाबी भाषा में गाते हैं।

अरमान मलिक

बोल दो ना जरा, चले आना, हुआ है आज पहली बार, मुझको बरसात बना लो, जब तक और पहला पहला प्यार समेत कई हिट गीत गाने वाले अरमान मलिक ने ब्रिटिश गायक और गीतकार एड शीरान के साथ 2 स्टेप गाना बनाया है। इस गाने को दुनियाभर के श्रोताओं ने सराहा है। इस गाने के जरिए अरमान मलिक को वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिली है।

मान मेरी जान गाने से देशभर में मशहूर हुए किंग भी विदेशी कलाकार के साथ काम कर चुके हैं। किंग, प्रियंका चोपड़ा के पति और गायक निक जोनस के साथ मान मेरी जान आफ्टरलाइफ गाना बना चुके हैं। इस गाने में भारतीय धुनों के साथ-साथ निक जोनस का पॉप स्टाइल भी देखने को मिला था।

सोनू निगम

साल 2009 में रिलीज हुई अक्षय कुमार, संजय दत्त, लारा दत्ता और कैटरीना कैफ की फिल्म ब्लू का गाना चिगी विगी काफी मशहूर हुआ था। इस गाने को सोनू निगम ने ऑस्ट्रेलियाई गायिका काइली मिनॉग के साथ मिलकर गाया था।

रिटायरमेंट के बाद भी जेम्स एंडरसन नहीं छोड़ेंगे इंग्लैंड का साथ, मिलेगी बड़ी ज़िम्मेदारी

दिल्ली। वेस्टइंडीज की टीम जुलाई के महीने में इंग्लैंड का दौरा करेगी. जहां वो तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच 10 जुलाई से खेला जाएगा. ये टेस्ट मैच इंग्लैंड और जेम्स एंडरसन के फैंस के लिए यादगार होने वाला है. क्योंकि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस पहले टेस्ट मैच में अपने करियर का आखिरी टेस्ट मैच खेलने जा रहे हैं। इसके बाद एंडरसन संन्यास ले लेंगे. लेकिन इंग्लैंड की टीम के साथ उनका सफर खत्म नहीं होने वाला है।

नई भूमिका में जलवा बिखेरने को तैयार एंडरसन: रिटायरमेंट के बाद भी एंडरसन इंग्लैंड टीम के साथ जुड़े रहेंगे. वह वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में टीम को सलाह देते रहेंगे. इसके बाद श्रीलंका सीरीज में भी वह टीम के साथ बैकस्टाफ सदस्य के रूप में मौजूद रहेंगे.

इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब की ने एंडरसन की नई भूमिका की पुष्टि करते हुए कहा, एंडरसन के पास अंग्रेजी क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है. हम नहीं चाहते कि उनका अनुभव बेकार चलाए. वह पूरी गर्मियों में हमारे साथ रहेंगे और उन्हें यह भूमिका निभाने में भी काफी रुचि है।

रोहित शर्मा की एक कॉल ने किया कमाल

दिल्ली। रोहित शर्मा की एक फोन कॉल ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जिताने का काम किया. भारतीय कप्तान ने यह कॉल हेड कोच राहुल द्रविड़ को नवंबर के महीने में की थी. खुद राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा को इस कॉल के लिए शुक्रिया कहा. लेकिन आखिर उस कॉल में क्या बात हुई और क्यों राहुल द्रविड़ ने जाते-जाते रोहित शर्मा को शुक्रिया कहा?

बता दें कि 2023 में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में रोहित एंड कंपनी को हार का सामना करना पड़ा था. जिसके बाद राहुल द्रविड़ हेड कोच का पद छोड़ना चाहते थे. लेकिन रोहित शर्मा ने राहुल द्रविड़ को कॉल कर मनाया. अब इस पर राहुल द्रविड़ ने अपनी बात रखी है. राहुल द्रविड़ ने कहा कि शुक्रिया, रोहित उस कॉल के लिए, जो आपने मुझे नवंबर में किया था। साथ ही उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार के बाद वह हेड कोच का पद छोड़ना चाहते थे, लेकिन रोहित शर्मा ने कॉल कर मनाया।

इसके अलावा सूर्यकुमार यादव ने एक्सप्रेस स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में बताया कि रोहित शर्मा ने कैसे राहुल द्रविड़ को मनाने का काम किया. सूर्यकुमार यादव ने कहा कि राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा का शुक्रिया अदा किया।सूर्यकुमार यादव ने कहा कि राहुल द्रविड़ हेड कोच का पद छोड़ने का मन बना चुके थे, लेकिन रोहित शर्मा और जय शाह ने उन्हें मनाने का काम किया. बताते चलें कि भारतीय टीम ने राहुल द्रविड़ की कोचिंग में टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया. भारतीय टीम की कामयाबी

मशहूर अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का छलका दर्द कहा- शक्ल और सूरत की वजह से हुआ भेदभाव

मुंबई। नवाजुद्दीन सिद्दीकी हिंदी सिनेमा के एक दिग्गज कलाकार हैं। उन्होंने कई शानदार फिल्मों में काम किया है। गैंग्स ऑफ वासेपुर, मंटो, द लंचबॉक्स, रमन राघव जैसी कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी से उन्होंने दर्शकों का दिल जीता है। फिल्मों में कुछ मिनटों के किरदारों से शुरुआत कर मुख्य किरदार निभाने तक उन्होंने बड़ा फासला तय किया है। इन दिनों वह जी5 की हालिया रिलीज फिल्म रौतू का राज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में वह लगातार इंटरव्यू दे रहे हैं। हाल में ही उन्होंने अपने लुक को लेकर हुए भेदभाव का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें उनके शक्ल और सूरत की वजह से भेदभाव झेलना पड़ा है।

न्यूज गैलरी

नर्सिंग घोटाले के विरोध में यूथ कांग्रेस का सत्याग्रह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे, छात्राओं ने बताई अपनी परेशानी

भोपाल/नवप्रदेश। मप्र के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले के विरोध में मप्र युवा कांग्रेस द्वारा 24 घंटे का सत्याग्रह बोर्ड ऑफिस पर चल रहा है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे। इस दौरान छात्राओं से उन्हें अपनी परेशानी बताई। जीतू पटवारी ने कहा कि इस मामले में सरकार छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर रही है। इस मामले में बड़े अफसरों और जिम्मेदार मंत्री को छोड़ा जा रहा है। मंत्री का इस्तीफा लिया जाना चाहिए। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह ने कहा कि नर्सिंग घोटाले की वजह से हजारों नर्सिंग छात्रों का भविष्य बर्बाद हुआ है। वहीं, व्यापमं के बाद नर्सिंग का इतना बड़ा घोटाला सामने आने के बाद देश भर में की छवि खराब हुई है। यदि सरकार जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं करेगी तो आने वाले समय में भी घोटाले नहीं रुकेंगे।

सोमवार को कांग्रेस ने किया था मंत्री के बंगले का घेराव

सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता मंत्री विश्वास सारंग के बंगले का घेराव करने जा रहे थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया था। लेकिन, कांग्रेस कार्यकर्ता जब नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग किया था।

जनजातीय कार्य विभाग दफ्तर में देरी से पहुंचे 11कर्मचारी

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। सरकारी दफ्तरों में उपस्थित रहने का समय निर्धारित होने के बावजूद कई कर्मचारी देरी से ऑफिस पहुंच रहे है। साथ ही ये कर्मचारी शाम 6 बजे से पहले ही दफ्तर से निकल जा रहे। कर्मचारी समय पर पहुंच रहे या नहीं, इसे देखने के लिए मंगलवार को संभागीय उपायुक्त जेपी यादव ने नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट भवन में स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त यादव ने सुबह 10 बजे दफ्तर पहुंच गए और 11.15 बजे तक कार्यालय में रहे। इस बीच 21 कर्मचारियों में से 11 कर्मचारी कार्यालय समय पर उपस्थित नहीं पाए गए। ये कर्मचारी 10.15 बजे से 11.15 के मध्य उपस्थित हुए। विलंब से उपस्थित होने वाले कर्मचारी दीपाली पठारिया मंडल संयोजक, रजनीश पटेल उपयंत्री, विवेक दुबे कार्यक्रम निरीक्षक, एमके मोनी, आरएम उइके, कैलाश बन्द्र धुर्वे, मनोज सोनी (सभी सहायक ग्रेड-2), मीएल वरखने, विमला सेजकर (सभी सहायक ग्रेड-3), रामभरोस यादव, सजल दास (भृत्य) को आधे दिन का वेतन कटौत्रा किए जाने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बिना पूर्व सूचना के अचानक व्हाट्सअप के माध्यम से आकस्मिक अवकाश आवेदन पत्र प्रेषित करने वाने पुलकित दुबे व सुमित मालवीय (दोनों मनायक ग्रेड-3) को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

शिक्षा और संस्थान के संस्कारों को हमेशा याद रखें विद्यार्थी: मंगुभाई पटेल

राज्यपाल आई.ई.एस. ग्रुप के रजत जयंती समारोह में हुए शामिल

भोपाल/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा को ज्ञान आधारित बनाने के साथ सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता के मूल्य केन्द्रित बनाना होगा। विद्यार्थी शिक्षा और संस्थान के संस्कारों को हमेशा याद रखें। माता-पिता के संघर्षों को नहीं भूलें और उनके योगदान का सम्मान करें और कृतज्ञ रहें। श्री पटेल आई.ई.एस. ग्रुप के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित जनों और विद्यार्थियों को एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने की अपील भी की। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल मौजूद थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समर्थ, सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के व्यावसायिक और व्यावहारिक पक्षों में समन्वय जरूरी है। संस्थान को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी को तैयार करना होगा। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को प्रभावी रूप से लागू करना होगा। उन्होंने संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा खेलकूद, स्वरोजगार, प्रबंधन, आदि क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों की सराहना और संस्थान के 25 वर्ष के समुचित नेतृत्व और प्रबंधन को बधाई दी।

रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल ने और मेधावी छात्रों को आगे बढ़ाने संस्थान के प्रयासों की सराहना की। मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष डॉ भरत सिंह शरण ने विकसित भारत की संकल्पनाओं को साकार करने के लिए संस्थान के सहयोग, सक्रियता और प्रतिबद्धता को निरंतर जारी रखने की बात कही।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। श्री पटेल का आई.ई.एस. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इंजी. श्री बी.एस. यादव ने पुष्पगुच्छ से स्वागत और शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल श्री पटेल ने रजत जयंती के अवसर पर संस्थान को 25 पौधे रोपण के लिए भेंट किए। उन्होंने समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया। स्वागत भाषण कुलाधिपति इंजी. श्री बी.एस. यादव ने दिया और आभार आई.ई.एस. ग्रुप के सी.ई.ओ. श्री देवांश सिंह ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधि, प्रति कुलाधिपति प्रो. सुनीता सिंह, छात्र-छात्राओं और संबंधित उपस्थित थे।

भोपाल में राहुल गांधी के बयान पर प्रदर्शन: संसद में दिए बयान के विरोध में हिंदू संगठन

भोपाल/नवप्रदेश। सोमवार को संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर दिए गए बयान का बीजेपी, वीएचपी सहित कई हिंदू संगठन विरोध कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों ने पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

सीएम बोले-राहुल गांधी ने हिंदू समाज का अपमान किया

राहुल गांधी के बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी के बयान कि मैं घोर भर्त्सना करता हूं। लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर के अंदर नेता प्रतिपक्ष ने जिस प्रकार से हिंदू समाज को लज्जित करने का बयान दिया है। हिंदुओं को हिंसक बताना उनके कुत्सित मानसिकता के परिचायक के रूप में सामने आया है। विश्व के अंदर भारत दुनिया का एक मात्र देश है, जहां हिंदुओं की सबसे बड़ी आबादी है। उस देश के अंदर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष अगर हिंदुओं को इस ढंग से लज्जित करेंगे तो देश कैसे बर्दाश्त कर सकता है?इस बात को लेकर पूरे देश में उबाल है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को नाक रगड़कर माफी मांगना चाहिए।

भोपाल में विहिप-बजरंग, बीजेपी जलाएगी पुतला

विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत प्रचार, प्रसार प्रमुख जितेंद्र चौहान ने बताया कि राहुल गांधी के बयान के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित हिन्दूवादी संगठन मध्य भारत प्रांत के 32 जिलों में पुतला दहन करेंगे।

नर्मदापुरम में राहुल गांधी का पुतला फूंका

संसद में हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान से आक्रोश, माफी मांगे राहुल

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष व कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा दिए बयान से संसद से लेकर सड़क तक भारी विरोध हो रहा है। मंगलवार को प्रदेशभर में भाजपा व विहिप द्वारा प्रदर्शन किया गया। नर्मदापुरम में सतरस्ते पर भाजपा युवा मोर्चा ने हिन्दुओं और सनातन का अपमान बताते हुए कांग्रेस नेता व संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। उनसे देश से माफी की मांगने की मांग की गई। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आक्रोशित होकर राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुतले पर लात भी मारी गई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने कहा राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक कहा है, लेकिन राहुल गांधी को मालूम नहीं कि हिंदू समाज इतना सहिष्णु है कि यह देश हिंदुओं का था लेकिन सदा से यहां अनेक धर्मों का स्वागत किया है। हमारे देश की संस्कृति सभी धर्म का सम्मान करना सिखाती है और उन्होंने हिंदुओं को हिंसक बताया है। जो कि निंदनीय है। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी लगातार हिंदुत्व पर गलत टिप्पणी करते रहते है, उनको इस कृत्य के लिए पूरे हिंदू समाज से माफी मांगना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा झुझोप्र प्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, संभागीय कार्यालय प्रभारी हंस राय, सह प्रभारी मनोहर बड़ानी, भाजयुमो जिला प्रभारी लोकेश तिवारी, कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, भाजपा नगरमंत्री मनीष परदेशी सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

विश्व हिंदू परिषद ने जलाया पुतला

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने भी राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पिनेकल चौराहा एसपी ऑफिस के सामने राहुल गांधी का पुतला दहन एवं धरना प्रदर्शन किया। जिला संयोजक नितिन मेषकर ने बताया पूर्व में भी अनेकों बार राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को अपमानित करने का प्रयास। ताकि वह इस प्रकार के कृत्य दोबारा करने के प्रयास न करें। कार्यक्रम में विभाग मंत्री शिव राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी, जिला संयोजक नितिन मेषकर, जिला धर्म प्रसार प्रखर राज शर्मा, जिला गोरक्षा प्रमुख कैलाश दायमा, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रदीप दायमा, आर्यन सोनी, राहुल ठाकुर, शिवांश मिश्रा समेत हिंदू समाज उपस्थित रहा।

मंत्री काश्यप ने क्लस्टर विकास के अभिन्यास की अनुमति प्रदान की

भोपाल/नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने नीमच जिले की मनासा तहसील के ग्राम दुधवा के 15 हेक्टर क्षेत्र में क्लस्टर विकास के अभिन्यास की अनुमति प्रदान की है। यह अनुमति एस.पी.व्ही. महेश इंडस्ट्रियल डेवलपर्स मनासा को दी गई है। इस अवसर पर एमएसएमई विभाग के सचिव श्री नवनीत मोहन कोठारी, एस.पी.व्ही. के सदस्य श्री आशीष काबरा निम्बा हेड, श्री ज्वाला प्रसाद राठी मनासा एवं श्री विनय प्रकाश काबरा निम्बा हेड उपस्थित थे। मंत्री श्री काश्यप ने एस.पी.व्ही. के सदस्यों को अधोसंरचना निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर उद्योग लगाने के लिये प्रेरित किया।

एम पी ट्रांसको का पौधरोपण अभियान

सब स्टेशनों और रहवासी कालोनियों पर हुआ वृहद पौधरोपण

भोपाल/नवप्रदेश। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार ऊर्जा विभाग स्त्रकी बिजली कंपनियों में पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के विभिन्न सब स्टेशनों और रहवासी कालोनियों में वृहद पौधरोपण किया जा रहा है।

एमपी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के विभिन्न सब स्टेशनों में 2000 पौधों के रोपण लक्ष्य के मुकाबले 3261 पौधों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण को लेकर एम पी ट्रांसको के कार्मिकों के अलावा उनके परिजनों में भी गज़ब का उत्साह रहा। एमपी ट्रांसको की रहवासी कालोनियों में बढ़ चढ़कर पौधारोपण किया गया। इन पौधों में ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले वृक्षों के अलावा फलदार और छायादार पौधों की विभिन्न प्रजाति शामिल हैं। पौधरोपण करने वाले कार्मिकों और परिजनों ने शपथ लेकर स्वेच्छा से इन पौधों की देखरेख का जिम्मा भी लिया।

प्रदेश में एम पी ट्रांसको के सभी कार्यालयों में होगा पौधरोपण

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर सहित प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस कार्यालयों, 416 अति उच्चदाब सब स्टेशनों सहित एमपी ट्रांसको के सभी कार्यालयों के प्रांगणों तथा रहवासी कालोनियों में पौधरोपण का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आउटसोर्स कर्मी सहित प्रत्येक कार्मिकों व उनके परिजन द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है।

राष्ट्रवादिता ही राष्ट्रीयता है - प्रो ए.डी.एन. बाजपेई

भोज विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा में राजनीतिक शास्त्र और राजनीतिक चिंतन पर कार्यशाला आयोजित।

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में आज 2 जुलाई 2024 को भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। कार्यशाला का विषय था भारतीय ज्ञान परंपरा राजनीति शास्त्र और राजनीतिक चिंतन। कार्यशाला की शुरुआत राजनीति शास्त्र के प्रबुद्ध विद्वानों की उपस्थित में हुई। कार्यशाला का आयोजन भोज विश्वविद्यालय के अकादमिक समन्वय विभाग द्वारा कराया गया है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. ए. डी. एन. बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. चांद किरण सलूजा, संस्कृत संवर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली एवं प्रो. सुषमा यादव, सम- कुलपति, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई एवम कार्यशाला संयोजक के रूप में मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया भी उपस्थित रहे। दो दिवसीय कार्यशाला में संपूर्ण मध्य प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं प्राध्यापकगणने भारी संख्या में कार्यशाला में सहभागिता की। कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश के भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया । कार्यशाला की शुरुआत में स्वागत उपरांत कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. उत्तम सिंह चौहान ने विषय प्रवर्तन करते हुए उपस्थित सभी राजनीति शास्त्र के शिक्षकों, अध्यापकों को कार्यशाला और विषय से परिचित कराते हुए कहा कि, किसी भी सभ्यता और संस्कृति की जड़े इसकी परंपरागत ज्ञान से जुड़ी होती हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्नातक प्रथम वर्ष के विभिन्न प्रश्न पत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करने पर चिंतन करना होगा। प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी कुलपति, अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने अपने विषयविचार प्रकट करते हुए कहा कि,राष्ट्रीय शिक्षा नीति का राष्ट्रीय चरित्र है। राष्ट्रवादिता ही राष्ट्रीयता है। हमको राष्ट्रवादी शिक्षा नीति मिली है। यह शिक्षा नीति राष्ट्र उपयोगी एवं समाज उपयोगी, नागरिकों का निर्माण करने का उद्देश्य रखती है। इसका उद्देश्य विश्व स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में भारत को सुपर पावर बनाना है। भारत के पास लिखित और मौखिक ज्ञान का अपार भंडार है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसके ऊपर राख की परत जम गई है। जिसे हमें साफ करने की आवश्यकता है। डॉ. वाजपेई ने इस बात पर जोर दिया कि, हमें अपनी भाषा में अपनी बात लिखने की आदत डालनी चाहिए।

डॉ. चाँद किरण सलूजा, ने विषय पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि, भारतीय भाषा में पुस्तकों को लिखा जाना चाहिए। विद्यार्थी अनुभव से सीखता हैं और सभी सिद्धांत अनुभव से ही सीखे जाते हैं। राजनीतिक सिद्धांत लोक अनुभव पर आधारित होता है। ज्ञान आज का हो या प्राचीन हो मनुष्य के अनुभव समान होते हैं। भारत के वेद और उपनिषदों में राजनीति के कई सिद्धांत समाहित हैं। डॉ. सलूजा ने कहा कि, 21वीं सदी में शिक्षा के चार स्तंभ है। पहला जानने के लिए शिक्षा, दूसरा करने के लिए शिक्षा, तीसरा एक साथ रहने के लिए शिक्षा और चौथा मनुष्य बनने के लिए शिक्षा यह सारे स्तंभ भारतीय संस्कृति के विद्वान डॉ.करण सिंह द्वारा यूनेस्को को दिए गए हैं। ज्ञान मनुष्य का तीसरा नेत्र है। उन्होंने कहा कि, गुरु वही है जो,अंधकार को हटाए। भारतीय परंपरा में उल्लेख है कि, पहले जानो, फिर चिंतन करो, फिर उसका अभ्यास करो और उस ज्ञान को जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए उपयोग करो और इसके पश्चात इस ज्ञान का प्रसार करो। यह हमारे ज्ञान परंपरा में निहित है। उन्होंने कहा कि, मानवीय मूल्यों का होना नागरिकों में अनिवार्य है। ज्ञान हमेशा सत्य की खोज करता है। राजनीति शास्त्र का आधार भारतीय ज्ञान परंपरा में समाहित है।

डॉ. सुषमा यादव, सम- कुलपति, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि, वर्षों से जो हम पढ़ते आए हैं, वह हममे रच बस गया है। इसलिए यह परिवर्तन एकदम से होनाआसान नहीं है। राष्ट्र की बात ऋग्वेद में मिलती है। चाणक्य ने हमें राजनीतिक अर्थतंत्र का सिद्धांत दिया है। उन्होंने कहा कि, इन विषयों को हमें भारतीय दृष्टिकोण से देखना होगा। भारत हजारों वर्षों की सभ्यता है। हमें युवाओं को राष्ट्र के प्रति गौरव का बोध दिलाने वाली शिक्षा देना होगा। भारत में सर्वत्र ज्ञान बिखरा हुआ है। इन मोतियों को ढूंढ कर हमें एक माला में पिरोना होगा। ऋग्वेद से हमारा राष्ट्रीय चिंतन शुरू होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रश्नों को आमंत्रित करती है।डॉ यादव ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि, भारतीय भाषाओं में पुस्तकों का अभाव है। यदि हमारे पौराणिक ग्रन्थ को पढ़ाना है तो, इसके लिए हमें संस्कृत पढ़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय तिवारी ने कहा कि, भारतीय ज्ञान परंपरा का उपयोग हमें युवा पीढ़ी के लिए करना है। हमें इस बात का पता लगाना होगा कि, वे कौन से गुण थे, जिससे भारत को प्राचीन काल में विश्व गुरु कहा जाता था। उनको पहचाना होगा और उसे हमें अपनी पाठ्यचर्या में समाहित करना होगा। उन्होंने कहा कि, हमारे छात्र ही हमारा अंतिम लक्ष्य हैं और आज के छात्र डिजिटल युग के हैं। हम जो शिक्षण सामग्री बनाएं उसमें इस बात का ध्यान रखा जाए कि,उन्हें डिजिटल माध्यम से कैसे उपलब्ध कराया जा सकेगा। डॉ. तिवारी ने ध्यनाकर्षण करते हुए कहा कि, गीता में जीवन प्रबंधन के समस्त सूत्र समाहित है।

साइबर अपराधियों को करते थे सिम सप्लाई, पुलिस ने पकड़ा

इंस्टाग्राम पर आईफोन की कम कीमत दिखाकर ठगने वाले गिरोह से जुड़े थे तार

भोपाल/नवप्रदेश। इंस्टाग्राम पर कम कीमत पर आईफोन बेचने का विज्ञापन देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को साइबर क्राइम टीम भोपाल ने टीकमगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कम कीमत में बेचने का विज्ञापन भी फर्जी सिमकार्ड से देते थे। इसके लिए आरोपी सिमकार्ड बेचते समय ही एक उपभोक्ता के दस्तावेजों पर दो सिमकार्ड एक्टिवेट करते थे। इनमें से एक सिमकार्ड उपभोक्ता को देते थे। जबकि दूसरा सिमकार्ड कम कीमत में आईफोन बेचने वाले गिरोह को मनमाफिक कीमत में बेचते थे।

साइबर क्राइम टीम भोपाल के अफसरों ने बताया कि टीकमगढ़ के रहने वाले शाहरुख और नीलेश , सिमकार्ड बेचने का काम करते हैं। दोनों टीकमगढ़ में हाट - बाजार में सिमकार्ड बेचने का स्टॉल लगाते थे। इस दौरान जो ग्रामीण सिमकार्ड खरीदने के साथ ही एक्टिवेट कराने KYC के लिए जो दस्तावेज देते थे, उन दस्तावेजों पर एक साथ दो सिम एक्टिवेट कर देते थे। लेकिन, ग्रामीण को एक ही सिमकार्ड देते थे। साथ ही अनजान ग्रामीण के नाम से एक्टिवेट दूसरा सिमकार्ड, सायबर ठगी करने वालों को बेच देते थे। इस सिमकार्ड के लिए सायबर ठग से शाहरुख और नीलेश मनमर्जी की कीमत वसूलते थे।

आरोपियों से पुलिस ने जब्त किए 10 फोन और 68 सिमकार्ड

साइबर क्राइम टीम भोपाल के अफसरों ने बताया कि आरोपी शाहरुख और नितेश से 10 मोबाइल फोन, 68 सिमकार्ड जब्त किए हैं। इसके अलावा आरोपियों से 2 बैंक पासबुक, 5 चैक बुक, 3 बिल बुक एवं विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सिमकार्ड बेचने के लिए हाट बाजार में छतरी लगाकर सिमकार्ड बेचने का स्टॉल लगाते थे।

यह थी शिकायत

13 मई को हिना खान (परिवर्तित नाम) निवासी भोपाल के द्वारा साइबर क्राइम भोपाल में शिकायत की थी। इसमें उन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम पर Integrity_mobile पर मोबाइल बेचने का विज्ञापन देखा। जिसे बुक करने के बाद एक वॉट्सऐप नंबर मिला। इस पर दिए निर्देशों से उन्होंने मोबाइल बुकिंग के पैसे ट्रांसफर किए। इसके बाद वाट्सएप पर कॉल कर कस्टम-पे, रिफंड के नाम पर अलग-अलग माध्यम से 1 लाख 88 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी की गई। हिना खान की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

यह हैं आरोपी

शाहरुख (टीकमगढ) यह ग्रेजुएट है जो एजेन्ट के रूप में चङ्घष्ट से सिम एक्टिव कर अन्य आरोपियों को उपलब्ध कराता था।

नीलेश यादव (टीकमगढ) 10वीं पास है वह सिम एक्टिव चैक कर अन्य साइबर आरोपियों को उपलब्ध कराता था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लाट नंबर-3, नेशनल प्रेस एरिया, लिंक रोड-नं-3, पत्रकार कॉलोनी के पास से मुद्रित कर, ई-2/237 अरेरा कालोनी भोपाल से प्रकाशित मो.नं. 9406245514, 9425237314 (न्याय क्षेत्र भोपाल) www.navpradeshbhopal@gmail.com